वोट डालने जाना है।
अपना फर्ज निभाना है।।

सत्य की उडान
# अलग पहचान
रांची से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

रांची, शनिवार 04 मई 2024, वर्ष 10, अंक 120 | E-mail id alagpahchan@gmail.com | Web - www.alagpahchan.com | पृष्ठ 12, मूल्य 2/ रुपया

# प्रधानमंत्री मोदी का मेगा रोड शो, एक झलक पाने को उमड़ी भीड़; खूब बरसे फूल



**रांची।** चाईबासा में जनसभा को संबोधित करने के बाद देर शाम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पहुंचे। यहां पार्टी नेताओं और पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया। रांची एयरपोर्ट से बाहर निकलने के बाद प्रधानमंत्री ने पहले धरती आबा बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद भारत माता चौक से पीएम मोदी का रोड शो शुरू हुआ। एसपीजी सुरक्षा घेरे में खुले वाहन पर सवार पीएम मोदी ने सड़क के दोनों और खड़े लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। वाहन पर पीएम के साथ रांची से बीजेपी प्रत्याशी संजय सेठ और झारखंड में नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी सवार थे। रास्ते में लोगों ने पीएम मोदी पर फूलों बरसाये। रोड शो के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गये थे। झारखंड पुलिस के जवानों को भारी संख्या में तैनात किया गया था। रोड शो के दौरान पीएम मोदी ने हाथ में पार्टी का सिंबल कमल फूल ले रखा था।

बडी संख्या में पीएम को देखने पहुंचे लोग

पीएम मोदी ने भारत माता चौक पर बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद रोड शो शुरू किया। पीएम मोदी का काफिला आगे किशोरगंज चौक और गाड़ीखाना चौक से गुजरा। रास्ते में पार्टी के कार्यकर्ता, समर्थक और आम लोग पीएम का स्वागत करने को खड़े थे। कई लोग पहली बार सामने से पीएम मोदी की एक झलक पाने को बेताब नजर आये। इसमें हर आयु वर्ग के लोग शामिल थे। महिलायें और बच्चे भी बड़ी संख्या में पीएम मोदी का रोड शो देखने पहुंचे थे। बीजेपी की तरफ से सड़क के दोनों ओर जगह-जगह मंच बनाया गया था जहां कलाकार राम, सीता, लक्ष्मण और हनुमान की वेश-भूषा में मौजूद थे। स्थानीय कलाकारों ने भी पारंपरिक वाद्ययंत्रों के साथ नृत्य-संगीत से पीएम मोदी का स्वागत-अभिनंदन किया। महिलाओं ने पीएम पर फूल भी बरसाये। लोग, अपने मोबाइल फोन पर भी इस लम्हें को कैद करने में मशगूल दिखे। पीएम ने भी हाथ हिलाकर सबका अभिवादन स्वीकार किया। पीएम मोदी रांची में बीजेपी प्रत्याशी संजय सेठ के समर्थन में रोड शो कर रहे थे।

राजभवन में रात्रि विश्राम करेंगे पीएम मोदी

गौरतलब है कि किशोरगंज और गाड़ीखाना चौक पार करते हुए पीएम मोदी का रोड शो रातू रोड में जाकर खत्म हुआ। पूरे मार्ग में बैरिकेडिंग के दोनों ओर लोगों का हुजूम उमड़ा हुआ था। रातू रोड में रोड शो खत्म हुआ और इसके बाद पीएम राजभवन चले गये। राजभवन में रात्रि-विश्राम के बाद पीएम मोदी कल पलामू जाएंगे। पलामू में प्रत्याशी वीडी राम के पक्ष में जनसभा करेंगे। फिर पीएम मोदी गुमला के सिसई में जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद पीएम मोदी रांची एयरपोर्ट से बिहार कनापुर के लिए उड़ान भरेंगे।

## देर शाम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहुँचे राँची, एयरपोर्ट पर स्वागत के बाद राँची में किया रोड शो।



रोड शो में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी एवं सांसद एवं प्रत्याशी संजय सेठ खुले रथ में रहे साथ। रोड शो में उमडा जनसैलाब, बडी संख्या में महिला एवं युवा शामिल। जय श्री राम एवं मोदी मोदी के नारों से गुंजा राजपथ।


**सेल्फी लेने की मची होड।**

15 स्थानो पर पारंपरिक नृत्य गीत ढोल नगाडे के साथ प्रधानमंत्री का हुआ स्वागत। जनसैलाब ने प्रधानमंत्री पर बरसायें फूल। प्रधानमंत्री ने बिरसा चौक पर धरती आबा बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण। भारत माता चौक पर प्रधानमंत्री का काफिला रुका। वहां प्रधानमंत्री अपने गाडी से निकलकर बाहर आये। वहां नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, प्रत्यशी संजय सेठ, सांसद दीपक प्रकाश, विकास प्रीतम, विनय जायसवाल, निशि जायसवाल, उमेश कुमार साहू ने स्वागत किया।

वहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रथ पर सवार हुए, उनके साथ नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी और प्रत्यशी संजय सेठ रथ में सवार हुए। विभिन्न चौक पर स्वागत करने वाले नेताओ के नाम।

हिनू चौक में पप्पू जायसवाल, उमेश यादव, रामजी प्रसाद, आनंद मूर्ति सिंह, बिरसा चौक में संतोष मिश्रा, डीपीएस चौक में आनंद मूर्ति, काजल प्रधान, अरगोडा में प्रकाश साहू, सुनील साहू, मुनेश्वर साहू, भाजपा प्रदेश कार्यालय में आरती कुजूर, आरती सिंह, हरमू चौक इंद्रजीत यादव, अरुण झा, सहजानंद चौक संदीप वर्मा, प्रतुल शाहदेव, सुजीत शर्मा, भारत माता चौक में केके गुप्ता, प्रेम वर्मा, मुकेश मुक्ता, बाल्मीकि बस्ती में भगत बाल्मीकि, गोविंदा बाल्मीकि, गाडीखाना में राहुल चौधरी , रोमित नारायण सिंह, शनि मंदिर में वरुण साहू, जितेंद्र वर्मा, सुनील गुप्ता,ललित ओझा, विशाल मेगामार्ट में सीपी सिंह, बलराम सिंह, अनिल कसेरा, राजू सिंह, ओमप्रकाश, रातू रोड गिरधर प्लाजा में रमेश सिंह के नेतृत्व में स्वागत किया गया।

### प्रधानमंत्री मोदी ने, भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण



**रांची** । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार शाम चाईबासा में जनसभा को संबोधित करने के बाद राजधानी रांची पहुंचे। यहां बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से निकलने के बाद उन्होंने बिरसा चौक पर भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। साथ ही प्रतिमा की परिक्रमा कर लोगों का अभिवादन किया। इसके बाद उनका काफिला आगे बढ़ गया।

मोदी के आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों में खासा उत्साह रहा। उनकी एक झलक पाने के लिए सड़क के दोनों ओर बड़ी संख्या में समर्थक और भाजपा कार्यकर्ताओं का जमावड़ा रहा। बिरसा चौक से लेकर रातू रोड तक सड़क किनारे लोग प्रधानमंत्री मोदी के आने का इंतजार करते रहे। जगह-जगह मोदी के स्वागत की तैयारी की गई थी। भाजपा के साथ आजसू के नेता और कार्यकर्ता भी प्रधानमंत्री के स्वागत में जुटे थे। पीएम मोदी ने हरमू के भारत माता चौक से रोड शो भी किया। इस दौरान सुरक्षा के भी चाक-चौबंद इंतजाम किये गये थे। पुलिस प्रशासन के लोग पूरी तरह से मुस्तैद रहे।

## रोहित वेमुला दलित नहीं था

**जाति का पता लगने के डर से किया सुसाइड', पुलिस ने दाखिल की क्लोजर रिपोर्ट***



हैदराबाद।छात्र रोहित वेमुला की मौत के मामले में हैदराबाद पुलिस ने एक बड़ा खुलासा किया है. मामले की जांच बंद करते हुए पुलिस की तरफ से तेलंगाना हाईकोर्ट में यह दावा किया गया है कि रोहित को यह पता था कि वह दलित नहीं था और असली जाति की पहचान होने का पता चलने के डर से उसने आत्महत्या कर ली थी. जनवरी 2016 में रोहित वेमुला की आत्महत्या से मौत के कारण विश्वविद्यालयों में दलितों के खिलाफ भेदभाव को लेकर देशव्यापी विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया था.

हैदराबाद पुलिस ने पेश मामले में शुक्रवार को तेलंगाना हाईकोर्ट में क्लोजर रिपोर्ट दाखिल की, जिसमें बताया गया कि रोहित दलित नहीं था और उसकी मृत्यु इसलिए हुई क्योंकि उसे डर था कि उसकी असली जाति की पहचान सबको पता चल जाएगी. क्लोजर रिपोर्ट में सभी आरोपियों को क्लीन चिट दे दी गई है. बता दें कि आरोपियों में सिकंदराबाद के तत्कालीन सांसद बंडारू दत्तात्रेय, एमएलसी एन. रामचंदर राव और हैदराबाद विश्वविद्यालय के कुलपति अप्पा राव के अलावा केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी और अखिल भारतीय विद्यार्थी के नेताओं को दोषमुक्त कर दिया गया है.

रोहित की मृत्यु के समय स्मृति ईरानी मानव संसाधन विकास मंत्री थीं. पुलिस ने क्लोजर रिपोर्ट में यह कहा है कि सबूतों की कमी के कारण मामला बंद कर दिया गया है. हाई कोर्ट ने अब वेमुला परिवार को विरोध याचिका के तौर पर निचली अदालत में अपील करने का निर्देश दिया है. रोहित के भाई राजा वेमुला ने कहा कि परिवार 4 मई को मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी से मिलने के लिए हैदराबाद जाएगा.

बताया गया कि पुलिस ने 2017 के बाद मामले की जांच बंद कर दी थी. वेमुला परिवार के जाति सत्यापन मामले पर 15 गवाहों के बयानों की एक सीरीज जिला कलेक्टर को दी गई थी. कहा गया कि कानून के मुताबिक जिला कलेक्टर जाति की स्थिति पर आदेश पारित कर सकता है, पुलिस नहीं. हाईकोर्ट में रोहित वेमुला के परिवार की ओर से पेश हुए वकील ने कहा कि कलेक्टर ने मामले का फैसला अभी तक पूरा नहीं किया है.

### एकता अधिकार मंच झारखंड प्रदेश के केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद (बीडी प्रसाद)



**रांची।** रांची प्रेस क्लब, रांची में पिछडा वर्ग (ओबीसी ) एकता अधिकार मंच झारखंड प्रदेश के केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद (बीडी प्रसाद) द्वारा आयोजित प्रेस-वार्ता में मुख्य रूप से लोकसभा चुनाव 2024 में झारखंड के आठ सामान्य सिटों में से छह पर एनडीए तथा तीन पर इंडिया गठबंधन द्वारा पिछडा वर्ग के लोगों को प्रत्याशी बनाया गया है। उन्होंने ओबीसी के अंतर्गत आने वाली सभी जाति समुदाय एवं संप्रदाय के लोगों से आह्वान किया कि दल पार्टी एवं जाति से ऊपर उठकर अपने ओबीसी पिछडा वर्ग के प्रत्याशियों के पक्ष में भारी संख्या में मतदान विजयी बनाने का कार्य करें।

ताकि भविष्य में हमारी आरक्षण से संबंधित मांगे पूरी हो सकें। हम ओबीसी समाज के लोग ग्रामीण क्षेत्रों में रहकर भी लोगों रोजगार देने का कार्य करते हैं। ओबीसी समाज राजनैनिक क्षेत्र में अपनी जागरूकता दिखाकर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें आने वाला समय ओबीसी समाज के लोगों का है। प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से केंद्रीय महासचिव श्रवण कुमार, केंद्रीय नेत्री शकुंतला जयसवाल, केंद्रीय सदस्य नवजीवन यादव, बब्लू टाइगर, लाल बाबू पटेल, जय चौरसिया, राकेश गुप्ता, अख्तर अंसारी, बंटी कुमार, अनुज कुमार साहू, पंकज साहू, शुभम कुमार, हिमालय कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## हेमंत सोरेन को छह मई को चाचा के श्राद्ध कर्म में शामिल होने की दी अनुमति

**हेमंत सोरेन पुलिस कस्टडी में चाचा के श्राद्ध कर्म में होंगे शामिल**

**मीडिया से बातचीत पर रहेगी रोक**



**रांची।** पूर्व सीएम हेमंत सोरेन द्वारा प्रोविजनल बेल के लिए दायर याचिका पर झारखंड हाइकोर्ट में शुक्रवार को सुनवाई हुई। इस दौरान अदालत ने हेमंत सोरेन को प्रोविजनल बेल देने से इनकार करते हुए उनकी याचिका खारिज कर दी, हालांकि कोर्ट ने उन्हें अपने चाचा के श्राद्ध कर्म में कुछ देर के लिए शामिल होने की अनुमति दी है। अदालत ने यह सख्त निर्देश दिया है कि 6 मई को होने वाले श्राद्ध कर्म में शामिल होने के दौरान हेमंत सोरेन मीडिया से कोई बातचीत नहीं करेंगे और ना ही कोई राजनीतिक चर्चा करेंगे। हेमंत सोरेन की याचिका पर हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस रंगोन मुखोपाध्याय की कोर्ट में सुनवाई हुई। दरअसल 30 अप्रैल को प्रीवेंशन ऑफ मनी लांड्रिंग एक्ट की विशेष कोर्ट ने हेमंत सोरेन को प्रोविजनल बेल देने से इनकार कर दिया था। कोर्ट के इस आदेश को हेमंत सोरेन ने चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में अपील दायर की थी। उन्होंने अपनी अपील में हाईकोर्ट से तीन दिनों की प्रोविजनल बेल मांगी थी। याचिका में उन्होंने कोर्ट से आग्रह किया था कि उन्हें अपने चाचा के श्राद्ध कर्म में शामिल होने की अनुमति दी जाये। बता दें कि शनिवार की सुबह झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन के बडे भाई राजा राम सोरेन का निधन हो गया था। उम्र के आखिरी पडाव में बीमारी से लडते हुए उनकी मृत्यु हो गयी थी। राजाराम सोरेन रांची में ही रहते थे।

## लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में 96 सीटों के लिए 1717 उम्मीदवार मैदान में




**ई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में 13 मई को 10 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 96 सीटों के लिए मतदान होगा, जिसके लिए कुल 1717 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं।

चुनाव आयोग के अनुसार चौथे चरण के मतदान के लिए कुल 4,264 नामांकन पत्र दाखिल किए गए, जिनकी जांच-पड़ताल के बाद 1970 नामांकन वैध पाए गए। इस चरण के लिए नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 25 अप्रैल और नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 29 अप्रैल थी। 253 उम्मीदवारों के नाम वापस लेने के बाद कुल 1717 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं।

इस चरण में तेलंगाना में 17 संसदीय क्षेत्रों से अधिकतम 1,488 नामांकन फॉर्म थे। इसके बाद 25 संसदीय क्षेत्रों से 1,103 नामांकन के साथ आंध्र प्रदेश का स्थान था। तेलंगाना में 7-मलकजगिरी संसदीय क्षेत्र में अधिकतम 177 नामांकन फॉर्म प्राप्त हुए। इसके बाद उसी राज्य में 13-नलगोंडा और 14-भोंगीर में प्रत्येक में 114 नामांकन फॉर्म प्राप्त हुए। चौथे चरण के लिए एक लोकसभा क्षेत्र में चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की औसत संख्या 18 है।

**इस चरण में इन सीटों पर होगा मतदानः**

**आंध्र प्रदेशः** दक्षिणी राज्य की सभी 25 सीटों पर 13 मई को वोट डाले जाएंगे। इनमें अमलापुरम, अनाकापल्ले, अनंतपुर, अराकू, बापटला, चित्तूर, एलुरु, गुंटूर, हिंदूपुर, कडपा, काकीनाडा, कुरनूल, मछलीपट्टनम, नंदयाल, नरसरावपेट, नरसापुरम, राजमपेट, श्रीकाकुलम, तिरूपति, विजयवाड़ा, विशाखापत्तनम और विजयनगरम शामिल हैं।

**बिहारः** राज्य की पांच सीटों जिनमें बेगूसराय, दरभंगा, मुंगेर, समस्तीपुर और उजियारपुर शामिल हैं। इन पर 13 मई को मतदान होगा।

**जम्मू-कश्मीरः** श्रीनगर के लोग 13 मई को अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

**मध्य प्रदेशः** यहां 29 में से आठ सीटों पर वोट डाले जाएंगे। इनमें देवास, धार, इंदौर, खंडवा, खरगोन, मंदसौर, रतलाम और उज्जैन शामिल हैं।

**झारखंडः** खूंटी, लोहरदगा, पलामू और सिंहभूम में सोमवार (13 मई) को मतदान होगा।

**महाराष्ट्रः** लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में 48 लोकसभा सीटों में से 11 पर वोट डाले जाएंगे। इनमें अहमदनगर, औरंगाबाद, बीड, जलगांव, मावल, नंदुरबार, पुणे, रावेर, शिरडी और शिरूर शामिल हैं।

**ओडिशाः** बरहामपुर, कालाहांडी, कोरापुट और नबरंगपुर चार सीटों पर इस चरण में लोकसभा चुनाव के लिए मतदान होगा।

**तेलंगानाः** चौथे चरण में सभी 17 सीटों (आदिलाबाद, भोंगिर, चेवेल्ला, हैदराबाद, करीमनगर, खम्मम, महबूबाबाद, महबूबनगर, मल्काजगिरी, मेडक, नागरकुर्नूल, नलगोंडा, निज़ामाबाद, पेद्दापल्ले, सिकंदराबाद, वारंगल और ज़हीराबाद) पर मतदान होगा।

**उत्तर प्रदेशः** उप्र में 13 मई को 13 सीटों पर वोट डाले जाएंगे। इनमें अकबरपुर, बराइच, धौरहरा, इटावा, फर्रुखाबाद, हरदोई, कन्नौज, कानपुर, खीरी, मिश्रिख, सीतापुर, शाहजहांपुर और उन्नाव शामिल हैं।

**पश्चिम बंगालः** पश्चिम बंगाल की आठ सीटों पर मतदान होगा। इनमें आसनसोल, बहरामपुर, बर्धमान, दुर्गापुर, पुरबा, बीरभूम, बोलपुर, कृष्णानगर और राणाघाट शामिल हैं।

अलग पहचान



# भाजपा और झारखंड का दिल का नाता है: मोदी




**चाइबासा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि देश की जनता का अपार प्रेम ही मोदी की ताकत है। भाजपा और झारखंड में दिल का रिश्ता है। झारखंड के लोगों के भाव को समझने का काम और समस्याओं का समाधान केवल भाजपा ही कर सकती है। स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी ने झारखंड राज्य बनाया, जबकि कांग्रेस ने इसका घोर विरोध किया था। कांग्रेस ने झारखंड के विकास पर ब्रेक लगा दिया था। झारखंड के संसाधन राज्य के लोगों के काम आये, यह कांग्रेस को मंजूर नहीं था। दिल्ली के एयर कंडीशन कमरों में बैठ कर कांग्रेस झारखंड के लोगों के लिए योजनाएं बनाती थी और 1 रुपये भेज कर उसमें से 85 पैसे मार लेती थी। मोदी ने पूरा एक रुपया सीधा लोगों के खातों में भेजने का काम किया। प्रधानमंत्री शुक्रवार को चाइबासा में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि मोदी सरकार ने योजनाओं को केवल दिल्ली तक सीमित नहीं रखा, बल्कि देश के हर कोने से योजनाओं की शरुआत की। भाजपा सरकार ने आयुष्मान भारत योजना की शुरूआत झारखंड की धरती से ही की। झारखंड के दुमका से देशव्यापी मुद्रा योजना की शुरूआत की गयी। पीएम जनमन योजना को भगवान बिरसा मुंडा के गांव से प्रारंभ किया गया। झारखंड के खूंटी से ही विकसित भारत वाली मोदी की गारंटी की गाडी की शुरूआत की गयी। इसलिए भाजपा और झारखंड का दिल का नाता है। आज झारखंड समेत पूरा देश उत्साह के साथ कह रहा है फिर एक बार मोदी सरकार।

**कांग्रेस ने सम्मान नहीं दिया:**

प्रधानमंत्री ने कहा कि झारखंड की धरती आदिवासी क्रांतिकारियों की धरती है, लेकिन कांग्रेस ने आदिवासियों के बलिदान को कभी सम्मान नहीं दिया। कांग्रेस आजादी का पूरा श्रेय, केवल एक परिवार को देना चाहती है, लेकिन भाजपा ने भगवान बिरसा मुंडा की जन्म जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने की शुरूआत की। मोदी सरकार देशभर में आदिवासी गौरव के लिए पूरे देश में जनजातीय म्यूजियम बना रही है, लेकिन कांग्रेस को आदिवासियों के इतिहास का सम्मान पसंद नहीं है। वह जनजातीय समाज के लोगों को आगे बढने देना नहीं चाहती है। कांग्रेस और इंडी गठबंधन ने एक आदिवासी महिला श्रीमती द्रौपदी मुर्मू को भारत के राष्ट्रपति बनाने का घोर विरोध किया। झारखंड के जल, जंगल और जमीन पर आदिवासी भाई और सदानों का अधिकार है। झामुमो और कांग्रेस इसे अपनी जागीर समझती है। इसलिए झारखंड के हर संसाधन की खूली लूट चल रही है। गठबंधन ने आदिवासियों की जमीन लूटने के बाद, देश की सेना की जमीन पर भी आख गडा कर रखी है। झामुमो के लोगों ने बहुत बडा जमीन घोटाला किया है। कांग्रेस और झामुमो में लूट और भ्रष्टाचार करने की रेस चल रही है। यहां कांग्रेस सांसद के ठिकाने से 300 करोड रुपये नकद बरामद हुए। मोदी ने कहा कि कांग्रेस और झामुमो जनता से वोट मांगने के काबिल भी नहीं बचे हैं। इंडी गठबंधन जनता का भला करने के लिए नहीं, बल्कि बेलगाम लूट करने के लिए सरकार बनाना चाहता है। 2014 के पहले भी इन लोगों ने देश को लूटने के अलावा कुछ नहीं किया। इंडी गठबंधन ने झारखंड के साथ सबसे बडा धोखा किया था। जिस राजद ने अलग राज्य झारखंड का विरोध किया, वह गठबंधन में है।

**प्रधानमंत्री ने झारखंड की योजनाओं का जिक्र किया:**

प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा जनजातीय युवाओं को खेलों में भी आगे बढा रही है, लेकिन कांग्रेस ने तो आदिवासी इलाकों को अपने हाल पर छोड दिया था। भाजपा सरकार आकांक्षी जिला योजना के तहत आज आदिवासी जिलों का समग्र विकास कर रही है। बीते दस वर्षों में भाजपा ने वे कार्य पूरे किये हैं, जिनका जनजातीय समाज को छह दशकों से इंतजार था। भाजपा ने अपने एक दशक के कार्यकाल में सिकल सेल एनीमिया के खिलाफ राष्ट्रीय स्तर का अभियान चलाया है और चाइबासा में मेडिकल कॉलेज का निर्माण शुरू करवा दिया है, जिसके कारण अब आदिवासी जनता को इलाज के लिए दूर नहीं जाना पडता। इन दस वर्षों में मोदी ने आदिवासी समाज के लिए मकान, बिजली, पानी और सिलेंडर जैसी मूलभूत सुविधाएं प्रदान की हैं। मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने सत्ता में आने पर संपत्ति की जांच करने और फिर उसे जब्त कर वोट जिहाद की घोषणा करने वालों में बांटने की योजना बनायी है। कांग्रेस की नजर दलितों, पिछडों, आदिवासी और ओबीसी के आरक्षण को बांटने पर है। भाजपा को वोट देने के लिए कांग्रेस दलित, पिछडे और आदिवासियों को सजा देने की योजना बना रही है।

**कोई ताकत संविधान को हाथ नहीं लगा सकती:**

मोदी ने कहा कि दुनिया की कोई ताकत हमारे संविधान को हाथ नहीं लगा सकती, ये मोदी की गारंटी है। मैंने कांग्रेस को चुनौती दी है कि वह लिख कर दें कि कांग्रेस धर्म के आधार पर वर्ग विशेष को आरक्षण नहीं देगी और आरक्षण से खिलवाड नहीं करेगी। लेकिन कांग्रेस का कोई नेता इसका उत्तर नहीं दे रहा है। कांग्रेस और झामुमो अपने वोट बैंक के लिए झारखंड में घुसपैठियों को ठिकाना दे रहे हैं। संथाल परगना जैसे स्थानों पर इन घुसपैठियों के कारण आदिवासियों की संख्या घट रही है। यही खेल इन लोगों ने बंगाल में खेला था और बंगाल जैसा माहौल विपक्ष झारखंड में बनाना चाहता है। झामुमो सरकार वोट की भूख में आंख मूंद कर यह पाप कर रही है। 13 मई को जनता का वोट झारखंड के विकास और सुरक्षा की गारंटी बननेवाला है। प्रधानमंत्री ने स्थानीय प्रत्याशियों को प्रचंड बहुमत से विजयी बना कर देश में फिर एक बार मोदी सरकार बनाने और सभी पोलिंग बूथों पर कमल खिलाने की अपील की।

**मोदी का किया स्वागत:**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब मंच पर आये, तब भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सांस्कृतिक जनजाति पत्तों से बनी टोपी पहनायी। उसके बाद अर्जुन मुंडा ने भगवान गणेश का चित्र भेंट किया। गीता कोडा ने पीएम मोदी को सांस्कृतिक गमछा और भगवान बिरसा मुंडा का चित्र भेंट किया। उसके बाद बाबूलाल मरांडी का संबोधन हुआ। पीएम मोदी के आने से पहले सुदेश महतो और गीता कोडा का भाषण हो चुका था।

## रिटायर सूबेदार प्रेमचंद का रांची में भव्य स्वागत



**रांची।** भारतीय थल सेना में 30 वर्ष सेवा देने के बाद रिटायर सूबेदार प्रेमचंद कुमार रांची पहुंचे। हटिया रेलवे स्टेशन पर उनके परिजनों और ओरमांझी स्थित पैतृक निवास कुचु के लोगों ने उनका भव्य स्वागत किया।इस दौरान मुख्य रूप से महेश्वरी देवी, नागेश्वर महतो, रिंकू महतो, हरीश नीरज, शैलेश महतो समेत अन्य शामिल थे।

## झारखंड में पांचवें चरण के लिए 42 और छठे चरण के लिए 26 प्रत्याशियों ने किया नामांकन




**रांची।** गुरुवार को लोकसभा चुनाव को लेकर झारखंड में कुल 29 नॉमिनेशन हुए। वहीं गांडेय उपचुनाव के लिए तीन प्रत्याशियों ने नामांकन किया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने प्रेस को संबोधित करते हुए यह जानकारी दी। अब तक झारखंड में पांचवें चरण के लिए 42 और छठे चरण के लिए 26 प्रत्याशियों ने नामांकन किया है।

पांचवें चरण के लिए गुरुवार को लोकसभा सीट चतरा से आठ, कोडरमा से चार और हजारीबाग से पांच प्रत्याशियों ने नॉमिनेशन किया। अब तक चतरा में 20, कोडरमा में 11 और हजारीबाग में 11 प्रत्याशियों ने नॉमिनेशन किया है। गांडेय उपचुनाव के लिए अब तक सात प्रत्याशी ने नामांकन किया है।

**छठे चरण के लिए प्रत्याशियों के नामांकन**

वहीं छठे चरण के लिए गुरुवार को झारखंड में लोकसभा सीट गिरिडीह से दो, धनबाद से तीन, रांची से चार और जमशेदपुर लोकसभा के लिए तीन प्रत्याशियों ने नॉमिनेशन किया। अब तक छठे चरण में गिरिडीह में पांच, धनबाद में आठ,र ांची में छह और जमशेदपुर में सात प्रत्याशियों ने नामांकन किया है।

वहीं 24 जिलों से आचार संहिता के दौरान नकदी और शराब के 72 करोड 37 लाख जब्त किये गये। पिछले 24 घंटों में 1.6 करोड सीज किए गये, जिसमें 38 लाख कैश भी जब्त किया गया।

## विकास भवन रांची में मतदान जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए The Wall of Democracy शिविर का आयोजन

**स्वीप नोडल पदाधिकारी -सह- उप विकास आयुक्त रांची, श्री दिनेश कुमार यादव के निर्देशानुसार आयोजन सेंट जेवियर कॉलेज, विमेंस कॉलेज और गोस्सनर कॉलेज के छात्र/छात्राओं ने इस कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लिया**








**रांची।** विकास भवन रांची में मतदाता जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए The Wall of Democracy शिविर लगाया गया है, जो 3 दिनों तक चलेगा। सेंट जेवियर कॉलेज, विमेंस कॉलेज और गोस्सनर कॉलेज के छात्र/छात्राओं ने इस कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लिया। इसमें अन्य कॉलेजों के भी शामिल होने की उम्मीद है। छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ दीवारों पर सुंदर-सुंदर कलाकृतियां बनाईं।

इस आयोजन में कुल-18 छात्र/छात्राओं ने भाग लिया। इनके द्वारा कुल-07 पेंटिंग की गई।

नागरिक सहभागिता को बढ़ावा देने के लिए आयोजन

स्वीप नोडल पदाधिकारी -सह- उप विकास आयुक्त रांची, श्री दिनेश कुमार यादव द्वारा बताया गया कि इस तरह का आयोजन चुनाव में नागरिक सहभागिता को बढ़ावा देने के लिए किया गया है। इसमें अन्य कॉलेजों को निमंत्रण देकर आमंत्रित किया गया है। जीवंत चित्रों और सम्मोहक संदेशों के माध्यम से, यह कार्यक्रम व्यक्तियों को अपने मतदान अधिकारों के बारे में जाग्रत करेगा एवं लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित करेगा।

## रांची।सीपीआई के राष्ट्रीय सचिव सह झारखंड प्रभारी कॉम अतुल कुमार अनजान के असामयिक निधन से झारखंड पार्टी में शोक की लहर पार्टी ने तीन दिनों तक शोक ,पार्टी का झंडा सम्मान GBमें झुकाया गया।



कॉम अतुल सीपीआई के बौद्धिक संपदा थे ।जिसकी भरपाई अगले कई दशक तक नहीं हो सकता है।सीपीआई के राष्ट्रीय सचिव सह अखिल भारतीय किसान सभा के राष्ट्रीय महा सचिव प्रखर वक्ता कई भाषाओं के जानकर हर दिल अजीज कॉम अतुल कुमार अनजान के असामयिक निधन पर राज्य सचिव महेन्द्र पाठक और राज्य कार्यकारणी के सदस्य अजय कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से बयान जारी कर कहा है की कामरेड अतुल कुमार अनजान सीपीआई के बौद्धिक संपत्ति थे।निर्भीक और बेबाक टिप्पणी करने वाले नेता थे।संघर्ष की राह उन्हें विरासत में मिली थी।उनके पिताजी dr ए पी सिंह विख्यात स्वतंत्रता सेनानी थे ।हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन के कई आंदोलनों में बढ़ चढ़ कर भाग लिया और कई वर्षो तक जेल में रहे ।20 साल की उम्र में नेशनल कॉलेज के प्रेसिडेंट और 60 के दशक सीपीआई के मेंबर बने एआईएसएफ के राष्ट्रीय अध्यक्ष और वर्तमान में राष्ट्रीय सचिव एवम अखिल भारतीय किसान सभा के महासचिव ।कई आंदोलनों में सक्रिय भूमिका खासकर उत्तर प्रदेश में प्रसिद्ध पुलिस पीएसी रिवॉल्ट एक्ट में लगमग 5 वर्ष तक जेल में रहना ।स्वामीनाथन कमीशन में किसानों के उत्थान के सुझाव ,किसानों को मानसिक पेंशन, एमएसपी की गारंटी ,बिना ब्याज के किसानों को ऋण मिले,झारखंड से विशेष लगाव था कई रैलियों और आम चुनावों में उनके ओजस्वी भाषण अभी हाल में जंतर मंतर पर इंडिया घटक दलों के द्वारा एचईसी के मसले पर दिए गए धरना में शामिल होकर एचईसी बचाने के लिए संघर्ष के तेज करने के लिए कदम उठाने के लिए एक जुट होकर संघर्ष के लिए कहा था। ऐसे व्यक्ति काम ही इस दुनिया में है जो मरने से पहले भी गा रहा था। तू जिंदा है तो जिन्दगी की जीत पर यकीन कर ,अगर कही स्वर्ग है तो उतार ला जमी पर।

# केवल डेटा पर नहीं, मौके पर जाकर बीएलओ द्वारा के कार्यों की समीक्षा करें पदाधिकारी : के. रवि कुमार, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड*

**मतदाता सहभागिता के लिए कोई कसर नहीं छोडें अधिकारी | टार्गेटेड स्वीप एक्टिविटी से मतदाताओं को जागरूक करने से बढेगा वोटिंग प्रतिशत | कम मतदान वाले क्षेत्रों का भौतिक निरीक्षण करें पदाधिकारी बूथ लेवल अवेयरनेस ग्रुप के मेंबर्स को मतदाताओं को प्रेरित करते हुए मतदान केंद्र तक लाने की जिम्मेवारी सौंपे। | इंटर पर्सनल कम्युनिकेशन कर मतदाताओं को मतदान के लिए करें प्रेरित**




**रांची।** हर मतदाता तक पहुंचते हुए वोटर गाईड एवं वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप का वितरण सुनिश्चित कराएं। विगत के मतदान में किन कारणों से मतदान कम हुए थे, उसका निराकरण करते हुए मतदान प्रतिशत बढाने का कार्य करें। पदाधिकारी केवल डेटा पर नहीं, मौके पर जाकर बीएलओ के कार्यों की समीक्षा करें। यह बातें मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कही। वह शुक्रवार को निर्वाचन सदन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पांचवें और छठे चरण के मतदान से संबंधित जिले खूँटी, सरायकेला-खरसावां, राँची, पश्चिमी सिंहभूम, गढवा, गुमला, पलामू, सिमडेगा और लोहरदगा में चल रहे स्वीप कार्यक्रमों की समीक्षा कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि टारगेटेड स्वीप एक्टिविटी से मतदाताओं को जागरूक करने से वोटिंग प्रतिशत बढेगा। पदाधिकारी मतदाता सहभागिता के लिए कोई कसर नहीं छोडें। पदाधिकारी कम मतदान वाले मतदान केन्द्रों का भौतिक निरीक्षण करें और संबंधित क्षेत्र के मतदाताओं को जागरूक करते हुए मतदान के लिए प्रेरित करना सुनिश्चित कराएं। साथ ही बूथ लेवल अवेयरनेस ग्रुप के मेंबर्स को मतदाताओं को प्रेरित करते हुए मतदान केंद्र तक लाने की जिम्मेवारी सौंपे। वहीं इंटर पर्सनल कम्युनिकेशन से मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करें। ऐसी पहल से मतदान प्रतिशत बढेगा। उन्होंने कहा कि मतदान केन्द्रों को इस तरह तैयार करें कि लगे वह मतदाताओं को मतदान के लिए पुकार रहा हो।

उन्होंने कहा कि कम मतदान वाले क्षेत्रों में प्रत्येक घरों तक पहुँच बनाते हुए लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करें। कोई भी मतदाता मतदान करने से नहीं छूटे। इसके लिए विशेष कार्ययोजना तैयार कर मूर्त रूप दें । राँची के बुंडू में कम मतदान वाले मतदान केंद्रों पर विशेष अभियान चलाकर मतदाताओं को जागरूक करने का निर्देश दिया। वहीं खूँटी जिले के कम मतदान वाले मतदान केंद्रों का भौतिक निरीक्षण करते हुए वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप का वितरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। सरायकेला-खरसावां के जिला स्वीप पदाधिकारी को मतदान केंद्र संख्या 147 एवं 148 का भौतिक निरीक्षण कर संबंधित कारणों का निराकरण करने तथा लोहरदगा के प्रवासी मजदूरों को मतदान में भाग लेने के लिए प्रेरित करने पर बल दिया।

अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोडा ने कहा कि पदाधिकारी मतदाताओं से पारस्परिक संपर्क कर कम मतदान वाले मतदान केंद्रों के लिए इनोवेटिव आईडिया के साथ सभी मतदाताओं तक पहुँचे। बूथ लेवल अवेयरनेस ग्रुप के मेंबर्स को मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करते हुए मतदान केंद्र तक लाने की जिमेवारी सौंपे।

बैठक में संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, ओएसडी गीता चौबे, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देवदास दत्ता, उप निदेशक जनसम्पर्क आनंद सहित संबंधित जिलों के स्वीप से संबंधित पदाधिकारी वीडियो कांफ्रेंसिंग में उपस्थित थे।

# सीता सोरेन ने शिबू सोरेन को भी बता दिया भ्रष्टाचारी, विवाद बढा तो पोस्ट किया डिलीट, मांगी माफी



**रांची।** जेएमएम से बीजेपी में शामिल होने के बाद पहली बार सीता सोरेन ने अपने ससुर और झारखंड मुक्ति मोर्चा के अध्यक्ष शिबू सोरेन पर जम कर हमला बोला है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शिबू सोरेन को भ्रष्टाचारी तक बता दिया था।

ससुर शिबू सोरेन पर पहली बार हमला

सीता सोरेन ने पीएम मोदी के झारखंड आगमन पर पीएम मोदी की जम कर तारीफ की और हेमंत सोरेन के साथ शिबू सोरेन पर जमकर हमला बोला। उन्होने अपने पोस्ट में लिखा कि परिवारवादी शहजादे और बाप-बेटे की जोडी ने झारखंड को लूट का अड्डा बना कर छोड दिया है। लेकिन अब जनता ने ठान लिया है कि इस बार गठबंधन का पूरी तरह से सफाया होगा। 14 की 14 सीटों पर झारखंड की जनता कमल खिलायेगी।

बाद में विवाद बढने और आलोचनाओं के बाद सीता सोरेन ने शिबू सोरेन को लेकर किया गया पोस्ट डिलीट कर दिया।

उन्होंने इस पोस्ट पर माफी मांगते हुए लिखा कि अभी-अभी पता चला है कि मेरे सोशल मीडिया अकाउंट से एक ट्वीट पोस्ट किया गया है, जो असंवेदनशील है और मैं इसके लिए क्षमा प्रार्थी हूं। चुनावी व्यस्तताओं के कारण मैं अपना सोशल मीडिया खुद नहीं चला पा रही हूं, और इसकी जिम्मेदारी एक सोशल मीडिया टीम को दी थी, जिसकी तरफ से चूक हुई है। मामले का संज्ञान लेकर उचित कार्यवाही कर दी गयी है।

साथ ही मैं ये कहना चाहती हूं कि जिसने भी मेरी राजनीति को देखा है, वे जानते हैं कि मैं बाबा का कितना सम्मान करती हूं, पर कुछ लोग इतने मुद्दाविहीन हैं कि इस ट्वीट का राजनीतिक फायदा उठाना चाहते हैं। झारखंड की जनता से आग्रह है कि इनकी भ्रामक बातों में न फंसे।

सीता सोरेन ने आगे लिखा कि झारखंड के भोले भाले गरीब आदिवासियों की जमीन लूटने वाले आज सलाखों के पीछे हैं। जिसने देश को लूटा है, उन्हें लौटाना पडेगा ये मोदी जी ने गारंटी दी है। झारखडं की जनता को मोदी जी की गारंटी पर पूरा भरोसा है ।

सीता ने कांग्रेस पर हमला करते हुए लिखा कि 400 सीट वाली कांग्रेस आज सूक्ष्मदर्शी से भी नहीं दिखती। और अब देश ने तय कर लिया है कि अबकी बार बीजेपी को 370 पार करा कर वो परिवारवादी कांग्रेस के ताबूत में आखिरी कील जरूर ठोंक देगी । याद कीजिए 2014 से पहले का वह दौर जब आये दिन बम धमाके होते थ्, लेकिन जब से मोदी जी देश के प्रधानमंत्री बने हैं, तब से आतंकवाद का नामोनिशान मिट गया है। यही एक वजह काफी है, फिर एक बार मोदी सरकार बनाने के लिए ।

# जय इंस्टीट्यूट ऑफ कॉमर्स ने इंटर कॉमर्स के टॉपरों को किया सम्मानित

**रांची।** राजधानी रांची के रातू रोड के लाहकोठी में स्थित जय इंस्टीट्यूट ऑफ कॉमर्स ने इंटर कॉमर्स के टॉपरों को शुक्रवार को सम्मानित किया। फर्स्ट स्टेट टॉपर प्रतिभा शाह 94.8, सेकंड स्टेट टॉपर दीया कुमारी 94.4 और फर्स्ट स्कूल टॉपर सौम्या दुबे 90.4 को एक समारोह आयोजित कर इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर जय सर और सूरज सर ने गुलदस्ता देकर सम्मानित किया। बता दें कि तीनों जय इंस्टीट्यूट ऑफ कॉमर्स की ही स्टूडेंट हैं. इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर जय और सूरज ने बताया कि पिछले 7 साल से लगातार स्टेट टॉप टेन में हमारे इंस्टीट्यूट के बच्चे आ रहे हैं। यह हमारे लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि बच्चे बेहतर करते हैं तो परिवार के साथ-साथ शिक्षकों को भी अच्छा लगता है और गर्व महसूस होता है। हमारा प्रयास रहता है कि हम बच्चों को बेसिक जानकारी देकर तैयार करें, ताकि परीक्षा के दौरान उन्हें सवालों में उलझना न पडे।





# रांची संसदीय क्षेत्र से 04 अभ्यर्थियों ने दाखिल किया नामांकन









*** अंजनी पांडे , धनंजय भगत "गाँधी", मनोरंजन भट्टाचार्य एवं मनोज कुमार ने भरा पर्चा***

**रांची** संसदीय क्षेत्र से अब तक 10 अभ्यर्थी कर चुके हैं नामांकन

रांची।रांची संसदीय क्षेत्र के लिए अधिसूचना जारी होने के पांचवे दिन अब तक कुल 10 अभ्यर्थियों ने अपना नामांकन दाखिल कर दिया है। 04 अभ्यर्थियों ने नामांकन किया। समाहरणालय ब्लॉक-ए स्थित निर्वाची पदाधिकारी के कार्यालय में अभ्यर्थियों द्वारा नामांकन दाखिल किया गया।

नामांकन करनेवाले अभ्यर्थियों के नाम निम्न हैं :-*

(1) अंजनी पांडे, आदिवासी किसान मजदूर पार्टी।

(2) धनंजय भगत "गाँधी", मेरा अधिकार राष्ट्रीय दल।

(3) मनोरंजन भट्टाचार्य, निर्दलीय।

(4) मनोज कुमार, निर्दलीय।



रांची। रांची लोकसभा के लिए इंडी गठबंधन की उम्मीदवार यशस्विनी सहाय के समर्थन में रांची महानगर की बैठक झामुमो रांची जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई। बैठक में झामुमो रांची जिलाध्यक्ष मुस्ताक आलम ने कहा कि हेमंत सोरेन को बेबुनियाद आरोप लगाकर जेल भेजे जाने का विरोध वोट में दिखेगा। हम सभी इंडी गठबंधन के साथियों को एकसाथ केंद्र की तानाशाह सरकार को उखाड़ फेंकना है।

मौके पर पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय ने कहा हमे देश की तानाशाह सरकार को हटाना है। झारखंड मे भी आपने देखा की किस तरह से हेमन्त सोरेन को झूठे आरोप मे जेल भेजा गया जिसका हमे अपने वोट से करारा जवाब देना है और देश में इंडी गठबंधन की सरकार बनाना है।

पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय, कांग्रेस महानगर अध्यक्ष कुमार राजा साथ ही कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विनय सिन्हा दीपू उपस्थित थे। इस अवसर पर

# पार्टी एक को उम्मीदवार बनाती है लेकिन चुनाव हर कार्यकर्ता लड़ता है : गुलाम अहमद मीर

**रांची।** गुमला,सिमडेगा और खूंटी जिले के कार्यकर्ताओं की चुनावी समीक्षा बैठक जिला मुख्यालय में शुक्रवार को हुई। मौके पर कांग्रेस के झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा कि पार्टी किसी एक को उम्मीदवार बनाती है लेकिन चुनाव संगठन का हर कार्यकर्ता अपने-अपने मोहल्ले,वार्ड,प्रखंड में लड़ता है, ताकि पार्टी की जीत हो सके। दस वर्षों के कुशासन से निकलने का यह सुनहरा अवसर है और हमें इसे किसी भी हाल में जाया नहीं होने देना है।




उन्होंने कहा कि आप सभी पूरे वर्ष संगठन में काम करते हैं और पिछले पांच वर्षों से केंद्र की भाजपा सरकार के कार्यों से त्रस्त जनता के बीच रहकर संघर्ष कर रहे हैं। अब समय है कि उन संघर्षों का परिणाम बूथ से जीत के रूप में निकले। पांच वर्षों तक संगठन का निर्माण प्रखंड और बूथ स्तर पर किया गया है और आज जरूरत है कि संगठन के जरिये बूथ स्तर कार्यकर्ताओं के बीच आपसी समन्वय को बेहतर तरीके से बनाया जाए ताकि चुनाव के दौरान प्रत्याशी और बूथ एजेंट के बीच सीधा संवाद अभी से लेकर मतदान के दिन तक लगातार होता रहे।

इस दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि इस चुनाव में हमें राहुल गांधी के विश्वास पर खरा उतरना है। उन्होंने जनता की समस्याओं के तह तक पहुंचने के लिए पूरे भारत का पैदल भ्रमण किया है और समस्याओं को खत्म करने के लिए आवश्यक कार्ययोजना को कांग्रेस के घोषणा पत्र में शामिल किया गया है।

बैठक को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि मोदी सरकार के मंत्री पूरे देश में घूम-घूम कर झूठ बोल रहे हैं वो नहीं चाहते हैं कि इस देश में आदिवासियों दलितों का उत्थान हो।

# धर्मेंद्र तिवारी कल करेंगे नामांकन

**रांची।** भारतीय जनतंत्र मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष सह भाजमो के रांची लोकसभा उम्मीदवार धर्मेंद्र तिवारी कल पूर्वाहन 11 बजे अपना नामांकन दाखिल करेंगे। इस अवसर पर जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय समेत रांची जिला के भाजमो कार्यकर्ता, रांची के विभिन्न धार्मिक संगठनों के पदाधिकारी भी उपस्थित रहेंगे । तिवारी सुबह 10 बजे मेन रोड स्थित हनुमान मंदिर में पूजन कर, 10.15 बजे फिरायालाल चौक पर अमर शहीद परमवीर अल्बर्ट एक्का को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे तथा 10.30 बजे रांची विश्वविद्यालय के गेट के समीप अपने समर्थकों के साथ जुलूस की शक्ल में रांची समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय जायेंगे तथा 11 बजे अपना पर्चा दाखिल करेंगे। नामांकन दाखिल करने के बाद बिरसा चौक जाकर भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।

अलग पहचान



# हैवी ब्लास्टिंग से गिरे कई घर, दर्जनों घरों में पड़ी दरारें मौत के साये में जीने को विवश हैं सैकडों लोग





**कतरासः** तेतुलमूडी 6/10 के लोगों ने बीसीसीएल सिजुआ एरिया 5 अंतर्गत तेतुलमूडी पैच में संचालित हिलटॉप हाईराइज आउटसोर्सिंग कंपनी पर नियमों का उल्लंघन कर उत्खनन कार्य करने का आरोप लगाया. ग्रामीणों ने बताया कि कंपनी के द्वारा चोरी छिपे बिना सूचना दिए हैवी ब्लास्टिंग किया जाता है जिससे उनके घरों को नुकसान पहुंच रहा है। जान माल की क्षति होने की भी संभावना लगातार बनी हुई है. मंगलवार को अचानक किये गए हैवी ब्लास्टिंग से मन्ना राय के घर के एडबेस्टर पर पत्थर आ गिरा जो एडबेस्टर को तोडते हुए सीधे बेड पर आ गिरा. हालांकि उस वक़्त बेड पर कोई सोया नही था नही तो अनहोनी हो सकती थी. वहीं जितेन्द्र राय व छोटु राय का घर टूट गया. संयोग से किसी के जान माल की हानि नही हुई. जबकि दुर्गी देवी, भिखारी भुईंया, मैरून खातून, पिंटू कुमार, कौशर खान आदि दर्जन भर से अधिक लोगों के घरों में दरारें पड गई. ग्रामीणों ने बताया कि कुछ दिन पहले ब्लास्टिंग से उडे पत्थर दुर्गी देवी के सर पर जा लगा ये तो उनकी किस्मत रही कि उन्हें आंशिक चोटें आई और वे बाल बाल बच गए. ग्रामीणों ने बताया कि कंपनी के साइट इंचार्ज जितेन्द्र सिंह द्वारा बार बार यहाँ से हमलोगों को हटने को कहा जाता है. अक्सर डराते धमकाते रहता है. उसके द्वारा बिना सूचना और सायरन बजाए ब्लास्टिंग कर दिया जाता है उसके बाद वो तुरंत यहाँ से भाग जाता है ताकि ग्रामीणों का विरोध न झेलना पढे. बताया कि कंपनी वैसे जगह विस्थापन करना चाहती है जहाँ रहने की कोई सुविधा नही है. कम से कम पानी, बिजली, शौचालय सहित 2 कमरों का मकान दिए जाने की मांग की. बता दे कि तेतुलमूडी 6/10 कॉलोनी के नाम से प्रसिद्ध इस कॉलोनी 40-50 घरों में कुल दो-ढाई सौ लोग रहते हैं जिनके सर पर हमेशा मौत के बादल मँडराते रहते हैं. बिना नियम कानून और बिना सुरक्षा के उपाय किये हिलटॉप आउटसोर्सिंग कंपनी के कार्य करने के कारण कभी भी यहाँ बडी दुर्घटना घट सकती है जिसमे जान माल की भारी क्षति हो सकती है. ऐसा होने पर ग्रामीणों ने इसका जिम्मेदार कम्पनी प्रबंधन को होने की बात कही. मौके पर अनिता देवी, बिंदु देवी, आशा देवी, राहुल चौहान, जितेन्द्र भुईंया, भिखारी भुइयां, मन्ना राय, जितेन्द्र राय, छोटु राय, दुर्गी देवी, भिखारी भुईंया, मैरून खातून, पिंटू कुमार, कौशर खान आदि लोग उपस्थित थे

## बलियापुर में मासस की बैठक



**बलियापुरः** केन्दुआटांड़ में शुक्रवार को मासस कार्यकर्ताओं की एक बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष गणेश महतो ने किया। धनबाद लोकसभा सीट से मासस उम्मीदवार जगदीश रवानी की जीत सुनिश्चित करने के लिए रणनीति पर विचार विमर्श किया गया। विभिन्न जॉन कमेटी से जुड़े कार्यकर्ताओं को अपने-अपने क्षेत्र के मतदाताओं से लगातार संपर्क में बने रहने व सदन अभियान चलाकर लोगों को मासस के पक्ष में मतदान करने की अपील करने का निर्णय लिया गया। बैठक में केंद्रीय सचिव चंद्रदेव महतो, मासस नेत्री सीमा देवी, प्रमुख प्रतिनिधि विजय रजक, अमित बनर्जी, शीतल दत्ता, देवाशीष पांडेय, स्वपन कुमार महतो, भोलानाथ महतो, काशीनाथ मंडल, पशुपति महतो, मंगल महतो, युद्धिष्ठिर महतो आदि मौजूद थे।

## हर एक जरूरतमंद लोगों के लिए छोटे-छोटे मदद करके मानव धर्म निभा रही है हमारी संस्था-शीतल दत्ता

**बलियापुर** -हरिओम सेवा संस्था के द्वारा लड़की के शादी में₹4000 का एक छोटा सा राशि देकर सहयोग करने का प्रयास किया गया आपको बता दे की आमटाल के दिलीप गोराई जो की बहुत ही सामाजिक और मिलनसार व्यक्ति हैं उनके पुत्री के विवाह में संस्था से कुछ सहयोग राशि की मांग की गई थी l
इसी को देखते हुए संस्था के संस्थापक सदस्य प्रेमांशु पाल, प्रभास पाल ,सूर्य गोपाल भट्टाचार्य, विनोद सिंह ,मीडिया प्रभारी शीतल दत्ता,सचिव हारु बावरी ,सक्रिय सदस्य शंकर दास, दिलीप चौहान ,अध्यक्ष डॉक्टर स्वरूप चौधरी, भोला चक्रवर्ती, बबलू बावरी मुकेश महतो आदि के द्वारा इस कार्य में आगे आकर मदद करने का एक छोटा सा प्रयास किया गया l इस नेक कार्य के लिए विजय दत्ता,गोविंद बावरी, राणा प्रताप सिंह संजय राउत,रॉकी चटर्जी, सुधीर चटर्जी, संचिता साहा,अमित , विजय रजक,रंजीत महतो,अनिल, आमोद,चंदन,अविनाश ,रंजीत ,पिंटू , दिनेश वरुण ,अभय आदि सदस्यों ने संस्था के सदस्यों ने शुभकामनाएं देते हुए बहुत सारा बधाई और धन्यवाद दिए



**सहयोग राशि देते हुए सचिव हारु बावरी**

# मासस ने गोड्डा संसदीय क्षेत्र के लिए उदय शंकर खाबड़े को दिया टिकट

**बलियापुरः** मासस के केन्द्रीय अध्यक्ष सह पूर्व विधायक आनंद महतो ने गोड्डा संसदीय क्षेत्र से उदय शंकर खाबड़े को मासस का टिकट दिया। इसकी स्वीकृति पत्र प्रदान करने के मौके पर मासस के पूर्व विधायक अरूप चटर्जी, पार्टी के केन्द्रीय सचिव चन्द्रदेव महतो मौजूद थे।
मासस ने किया समर्थन -- मासस केंद्रीय कमेटी के निर्णयानुसार केन्द्रीय अध्यक्ष पूर्व विधायक आनंद महतो ने झारखंड के हजारीबाग संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल को मासस द्वारा पूर्ण समर्थन देने की घोषणा किया है। गिरीडीह संसदीय क्षेत्र से झामुमो प्रत्याशी विधायक मथुरा प्रसाद महतो को व कोडरमा लोकसभा सीट से भाकपा माले के प्रत्याशी विधायक विनोद सिंह को मासस का पूर्ण समर्थन का घोषणा किया है। श्री महतो ने इस आशय का अलग अलग पत्र कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे, झामुमो केन्द्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन व भाजपा माले के राष्ट्रीय महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य को दिया है। विभिन्न पार्टी सुप्रीमो को मासस के केन्द्रीय अध्यक्ष श्री महतो द्वारा इस सिलसिले में दिए पत्र में संसदीय चुनाव के दौरान मासस के नेता कार्यकर्ता व समर्थक संबंधित पार्टियों के प्रत्याशी के पक्ष चुनाव प्रचार कर उन्हें विजय बनाने का काम करेंगे।



## सामाजिक संस्था समर्पण एक नेक पहल को रक्तदान के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान देने के लिए किया गया सम्मानित।



**धनबाद**- रक्तदान-महादान के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान देने और लगातार ज़रूरतमंद मरीजों के लिए रक्त उपलब्ध करा कर जीवन बचाने के लिए सर्वश्रेष्ठ योगदान देकर सामाजिक कार्य में लगातार समाज के प्रति कुछ अच्छा करने की कोशिश को देखते हुए शहीद निर्मल महतो मेमोरियल कॉलेज हॉस्पिटल सभागार में आयोजित सभा में सामाजिक संस्था समर्पण एक नेक पहल को प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो देकर मुख्य अतिथि धनबाद विधायक श्री राज सिन्हा, सीआईएसएफ़ डीआईजी श्री विनय काजला सर, डॉ. प्रतिभा रॉय, डॉ. यूके ओझा, डॉ. बिके पांडेय के द्वारा सम्मानित किया गया, संस्था के केंद्रीय समिति सदस्य धीरज सिंह कार्यक्रम में उपस्थित होकर सम्मान प्राप्त किया l संस्था के संस्थापक सह केंद्रीय अध्यक्ष दिपेश चौहान ने कहा कि हमारी संस्था जरूरतमंद लोगों की सेवा की के लिए सदैव तत्पर हैं और आगे भी हम सभी और बढ़-चढ़ ज़न कल्याण कार्यो को पूरा करेंगे, यह सम्मान संस्था के हर उस सदस्य को जाता हैं जिन्होंने निःस्वार्थ भाव से अपना योगदान संस्था के द्वारा किए जा रहे जनहित के कार्यो में दिया हैं l
मौके पर धनबाद, बोकारो, गिरीडीह के सामाजिक संस्थाओं के साथ समाजसेवी, ब्लड बैंक के अधिकारीगण एवं अन्य मौजूद थे l

# चोरों ने फर्नीचर दुकान को बनाया निशाना

**धनबादः** लोयाबाद मोड पर स्टील फर्नीचर की दुकान में चोरी की घटना को अंजाम दिया गया. अल्बेस्टर शीट उजाडकर भीतर घुसा और एक 13 हजार का वेल्डिंग मशीन 4 ग्रैंडर 8 हजार का एक पंखा 1200 का,एवम एक मोबाइल चार्जर सहित अन्य चीजें ले गया. दुकान मालिक रमजान आलम ने लोयाबाद पुलिस को लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है.रमजान आलम ने बताया कि एक पार्टी को सामान डीलीवरी करनी थी,सुबह छह बजे दुकान खोला तो देख कर ढंग रह गया.दुकान का छौनी उजडा हुआ था,और फर्नीचर बनाने वाले मशीन व टूल्स गायब था,घटना की जानकारी के बाद लोयाबाद चेंबर के अध्यक्ष राजकुमार महतो पहुँचे, उन्होंने घटना पर अफसोस जताया,राजकुमार ने पुलिस से उद्भेदन की मांग की है.

## धनबाद गुप्त सूचना के आधार पर केन्दुआडीह पुलिस ने बाइक सवार से कारबाइन नुमा देशी कट्टा एंव एक गोली बरामद किया



एस एस पी एच पी जनार्दनन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर केन्दुआडीह पुलिस ने गोधर मोड़ से एक बाइक सवार युवक के पास से कारबाइन नुमा देशी कट्टा एंव एक गोली बरामद किया है । वही धनबाद डीएसपी दीपक कुमार ने केन्दुआडीह थाना में पत्रकारों को बताया कि थाना प्रभारी आर एन ठाकुर के नेतृत्व में पांच सदस्यीय टीम गठित कर तत्काल सुचना पर कार्रवाई की गई ।तथा गुरुवार की सुबह 6बजे गोधर मोड़ स्थित नेपाल रवानी चौक के पास पहुँचे तो देखा कि एक युवक मोटरसाईकिल न0 जेएच 10 सीपी 4843 को संदिग्ध अवस्था में सडक किनारे धूम रहा था जैसे ही पुलिस गाडी उनके पास पहुंची तो वह युवक भागने लगा तब संदिग्ध के आधार पर उसे पकडा गए
पूछताछ करने पर उसने अपना नाम अनिल कुमार उम्र 20वर्ष पिता नंदकिशोर राम काली बस्ती प्राइमरी बिधालय के पास नयाडीह सात न0 केंदुआ धनबाद बताया उक्त युवक का बदन का तलासी लिया गया तो उसके कमीज के अंदर से एक बडा सा काला रंग का कारबाईन नुमा 315बोर का देशी कट्टा एवं एक 315का गोली लोडेड बरामद किया गए अभियुक्त को गिरफ्तार कर हिरासत में लेकर और पूछताछ कर रही है पुलिस टीम में पुअनी अभिमन्यु चौधरी, नरेंद्र कुमार बैठा, भलेरियानुसा सारस आदि अन्य पुलिस शामिल रहे l

## सहरसा एवं पटना से नई दिल्ली के मध्य चलेगी स्पेशल ट्रेन धनबाद के रास्ते हावडा-इंदौर स्पेशल का भी होगा परिचालन



धनबाद : यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर कई स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है ।
इसी कडी में सहरसा एवं पटना से -नई दिल्ली एवं धनबाद के रास्ते हावडा-इंदौर स्पेशल ट्रेन संचालित की जाएगी। देखिए सूचीः-
गाडी सं. 04037 सहरसा-नई दिल्ली अनारक्षित स्पेशल 04 म ई को सहरसा से 07.00 बजे प्रस्थान कर खगडिया, बेगूसराय, बरौनी, समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, हाजीपुर, सोनपुर के रास्ते अगले दिन 07.00 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी ।
गाडी सं. 09336 हावडा-इंदौर सुपर फास्ट स्पेशल ट्रेन 05 म ई को हावडा से 17.40 बजे प्रस्थान कर धनबाद, गोमो, पारसनाथ, कोडरमा, गया, डेहरी ऑन सोन, सासाराम, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन के रास्ते दूसरे दिन 00.50 बजे इंदौर पहुंचेगी।
गाडी सं. 04035 पटना-नई दिल्ली अनारक्षित स्पेशल 03 म ई को पटना से 21.30 बजे प्रस्थान कर आरा, बक्सर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन के रास्ते अगले दिन 15.00 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी

# जिले में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

***मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत गांव-गांव, शहर-शहर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन***

***लो टर्न आउट वाले बूथों पर स्वीप कोषांग की है विशेष फोकस***







धनबाद।आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान जिले में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा के द्वारा मतदाता जागरूकता कोषांग को विभिन्न प्रतियोगिताओं, कार्यक्रमों आदि का आयोजन कर अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया गया है।
जिला निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देशानुसार लोकसभा आम चुनाव 2024 में स्वीप कोषांग के तहत मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 03 मई 2024 को विभिन्न क्षेत्रों के विभिन्न बूथों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
जिसके तहत आज बलियापुर प्रखण्ड अन्तर्गत बीएलओ द्वारा 38-सिन्दरी विधानसभा अन्तर्गत विभिन्न बुथों के मतदाताओं के घर-घर जाकर मतदाता मार्गदर्शिका वितरण करते हुए उन्हें आगामी लोकसभा चुनाव 25 मई को मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया। साथ हीं बलियापुर प्रखण्ड अन्तर्गत जगदीश पंचायत में सखी मंडल की दीदियों द्वारा मतदाताओं को शपथ दिलाकर रैली एवं रंगोली के माध्यम से मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया।
वही बीसीसीएल के क्षेत्रीय कार्यालय पी० बी० एरिया में स्वीप कार्यक्रमअंतर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत मतदान के लिए शपथ दिलाई गई। इस दौरान देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखने तथा स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अचून्य रखते हुए निर्भीक होकर धर्म वर्ग जाति समुदाय भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु सभी से अपील किया गया।
सिंदरी के बूथ नंबर 357 से 359 के बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर द्वारा पीडब्ल्युडी वोटरों को शपथ दिलाकर स्लोगन के माध्यम से जागरूक किया गया। इसके अतिरिक्त 419,420,423,424 के बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर द्वारा मतदाताओं को शपथ दिलाकर रैली के माध्यम से मतदान दिवस 25 मई को मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया।
प्रखंड पूर्वी टुंडी में बुथ संख्या-109,110,111 में स्विप कार्यक्रम के तहत 50 वर्ष से 70 वर्ष तक के मतदाताओ के साथ रैली एंव शपथ दिलाई गई।
इसके अलावा जेएसएलपीएस की दीदियों द्वारा विभिन्न पंचायतों में स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न प्रकार की गतिविधियों की गई, जिसमें मेहंदी प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, फ्लोर गेम, शपथ ग्रहण आदि शामिल थे।
लो वोट टर्न आउट वाले क्षेत्र झरिया में स्वीप की गतिविधियां तेज करते हुए जगह-जगह चौक चौराहा आदि पर मतदाता शपथ ग्रहण समारोह, हस्ताक्षर अभियान, सेल्फी पॉइंट, रंगोली , मेहंदी, फ्लोर गेम, नुक्कड़ नाटक, रैली आदि के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है।
इसके अलावा कई विद्यालयों के प्रधानाध्यापक के नेतृत्व में विद्यार्थियों द्वारा साइकिल रैली गई। तथा मतदाताओं से वोट करने की अपील की गई।
साथ ही पूरे धनबाद जिला में स्वीप कोषांग अंतर्गत मतदाता जागरुकता के तहत चुनाव से संबंधित फ्लोर गेम, क्विज प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, मेहंदी प्रतियोगिता, जागरूकता रैली, समेत कई अन्य गतिविधियां की गई एवं लोगों को शपथ दिलाई गई। साथ हीं लोगों में स्वीप गतिविधियों के तहत सेल्फी स्टैंड में सेल्फी भी ली। इस दौरान स्वीप कोषांग द्वारा शपथ ग्रहण करवाते हुए निर्वाचन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करने हेतु प्रेरित किया गया। उन्होंने लोकतंत्र को मजबूत करने हेतु मतदान के दिन अपने अपने मत का प्रयोग करने हेतु सभी से अपील किया।

# जेबीकेएसएस के अध्यक्ष जयराम महतो को बोकारो प्रशासन ने भेजा नोटिस, सात मई को बुलाया



**बोकारो।** जिला प्रशासन ने झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति (जेबीकेएसएस) के अध्यक्ष और गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से उम्मीदवार जयराम महतो को अब नोटिस भेजा है। नोटिस निर्वाचन शाखा ने जारी किया है। नोटिस में कहा गया है कि आपके नाम निर्देशन पत्र में प्रस्तावकों में से सभी का हस्ताक्षर संदेहास्पद लग रहा है, जिसका सत्यापन निर्वाचन पदाधिकारी को करना आवश्यक है। नोटिस में कहा है कि इस संबंध में आपको अवगत कराने के लिए बोकारो निर्वाचन शाखा ने आपको दो मई को दो बार फोन किया गया लेकिन आपने फोन नहीं रिसीव किया। आपको इस बात की सूचना देने के लिए आपके घर नोटिस भेजा गया है। साथ ही चार दैनिक अखबारों में नोटिस प्रकाशित की गयी है। आप सात मई को पूर्वाह्न 11:00 बजे बोकारो निर्वाचन पदाधिकारी के पास उपस्थित हों।

उल्लेखनीय है कि जयराम महतो ने दो मई को नामांकन पत्र दाखिल किया था। इसके बाद रांची से डीएसपी स्तर के अधिकारी के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने जयराम महतो को गिरफ्तार करने की बात कही। महतो को बताया गया कि 2022 में विधानसभा घेराव के दौरान उनपर एफआईआर दर्ज हुआ था। इसी मामले में उनकी गिरफ्तारी होनी है। वहां मौजूद सैकड़ों की संख्या में जयराम के समर्थकों ने हंगामा शुरू कर दिया।

हंगामे के बीच जयराम महतो ने पुलिस से जनसभा को संबोधित करने का आग्रह किया। जयराम ने पुलिस को आश्वासन दिया कि जनसभा संबोधन के बाद वे सरेंडर कर देंगे लेकिन ऐसा नहीं हुआ। संबोधन के बाद जयराम पुलिस को चमका देकर वहां से फरार हो गए। इसके बाद बोकारो पुलिस जयराम महतो को गिरफ्तार करने के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। हालांकि, अब तक जयराम महतो कोई सुराग नहीं मिला है।

# साहिबगंज में अवैध खनन की सीबीआइ जांच पर रोक नहीं



**रांची।** सुप्रीम कोर्ट ने साहिबगंज जिला में सीबीआइ द्वारा की जा रही अवैध खनन की जांच पर रोक लगाने से इंकार कर दिया है। शुक्रवार को राज्य सरकार की याचिका पर सुनवाई करते हुए शीर्ष अदालत ने सीबीआइ को नोटिस जारी किया है और सीबीआइ को यह निर्देश दिया है कि वह अपनी जांच के बाद रिपोर्ट सीलबंद लिफाफे में कोर्ट को सौंपे। इसके साथ ही अदालत ने सीबीआइ को यह भी निर्देश दिया है कि कोर्ट की अनुमति के बाद ही इस मामले में चार्जशीट दाखिल की जाये। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की कोर्ट में इस मामले की सुनवाई हुई। दरअसल राज्य सरकार ने झारखंड हाइकोर्ट द्वारा 22 फरवरी 2023 को पारित उस आदेश को चुनौती दी है, जिसमें साहिबगंज स्थित नींबू पहाड में अवैध खनन के मामले में चल रही सीबीआइ की जांच पर लगी रोक हाइकोर्ट ने हटा ली थी। अब इस मामले में अगली सुनवाई 18 जुलाई को होगी।

## मनीष जायसवाल के पक्ष में उनकी पत्नी निशा जायसवाल प्रचार कर रही है



**हजारीबाग।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के एनडीए उम्मीदवार मनीष जायसवाल के पक्ष में उनकी पत्नी निशा जायसवाल प्रचार कर रही हैं। शुक्रवार को भी निशा जायसवाल अपनी ननंद और देवरानी ट्विंकल जायसवाल के साथ मांडू विधानसभा क्षेत्र के विष्णुगढ़ प्रखंड के कई इलाकों का भ्रमण किया। उनलोगों ने नुक्कड़ नाटक के जरिए मतदाताओं को भाजपा के प्रति जागरुक करते हुए कमल फूल के निशान पर ही मतदान करने की अपील की। निशा जायसवाल के साथ बड़ी संख्या में चल रही महिलाएं अनोखे तरीके से मतदाताओं को जागरूक भी कर रही हैं, ताकि मतदान का प्रतिशत भी बढ़ाया जा सके। भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष रेणुका साहू के नेतृत्व में भाजपा महिला मोर्चा की नेत्रियों संग निशा जायसवाल ने विष्णुगढ़ स्थित अखाड़ा चौक, कशेरा मुहल्ला, बनासो चौक, कुसुम्भा और भूताही मुरगाओ में नुक्कड़ नाटक कराया और आसपास के मतादाताओं से संपर्क साधा ।

# रक्षाबलों ने एक दर्जन आईईडी किया बरामद



**चतरा।** जिले के कुशमाहा जंगल से सुरक्षाबलों ने शुक्रवार को एक दर्जन आईईडी बरामद किया। बम निरोधक दस्ते की टीम ने बरामद आईईडी को मौके पर नष्ट कर दिया है।

जानकारी के मुताबिक, चतरा जिले के प्रतापपुर थाना क्षेत्र स्थित कुशमाहा जंगल में सर्चिंग के दौरान सीआरपीएफ और जिला पुलिस की संयुक्त टीम ने डेढ-डेढ़ किलो के एक दर्जन आईईडी बरामद किया, जिसे बीडीएस की टीम ने मौके पर नष्ट कर दिया। इलाके में सुरक्षाबलों का सर्च अभियान जारी है।

# बोकारो के अधिवक्ताओं ने शुक्रवार को अनुपमा सिंह को बुलाकर उनका स्वागत किया



**बोकारो।** धनबाद लोकसभा सीट पर 25 मई को चुनाव होना है। यहां प्रत्याशियों ने प्रचार अभियान तेज कर दिया है। भीषण गर्मी के बीच प्रत्याशी पसीना बहा रहे हैँ। ऐसे में धनबाद से कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह अब बुद्धिजीवियों के बीच जाकर समर्थन मांग रही हैं ।

बोकारो के अधिवक्ताओं ने शुक्रवार को अनुपमा सिंह को बुलाकर उनका स्वागत किया। इस दौरान अधिवक्ताओं ने अपनी समस्याओं को कांग्रेस प्रत्याशी के समक्ष रखा। अधिवक्ताओं ने अनुपमा सिंह को स्वच्छ छवि की प्रत्याशी बताते हुए समर्थन का भरोसा दिया है। मीडिया से बात करते हुए अधिवक्ता दिनेश शर्मा ने बताया कि हमलोग अनुपमा सिंह को अधिवक्ताओं के समस्या से अवगत करा दिया है। हमें उम्मीद है कि चुनाव जीतने के बाद वो अधिवक्ताओं की समस्या को दूर करेंगी।

अनुमपा सिंह ने बताया कि उन्हें लोगों का अपार समर्थन मिल रहा है। इशारों ही इशारों में उन्होंने भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो पर निशाना साधते हुए कहा कि महिला कभी भी अपराध और अपराधियों को साथ नहीं दे सकती है।

## एसएसटी टीम ने पांच करोड़ की जेवर पकड़े



**रामगढ।** लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करने के लिए पुलिस की एसएसटी टीम काफी सक्रियता से कम कर रही है। रामगढ़ और हजारीबाग की सीमा पर मांडू थाना के समीप बने चेकनाके पर पांच करोड रुपए के सोने और चांदी के जेवर जब्त किए गए हैं। इस मामले में रामगढ़ डीसी चंदन कुमार ने बताया कि आयकर विभाग के अधिकारियों की टीम इस पूरे मामले की जांच कर रही है। जांच पूरी होने तक जेवर और वाहन को पुलिस कस्टडी में ही रखा गया है। जांच के बाद ही यह स्पष्ट हो पाएगा कि उसका प्रयोग चुनाव के दौरान होना था या नहीं। उसमें किसी प्रकार की इनकम टैक्स की चोरी तो नहीं की गई है।

बताया जाता है कि रांची एयरपोर्ट से सात पेटियों में लगभग पांच करोड रुपए के सोने और चांदी के जेवर लेकर गार्ड आलोक सिंह, ड्राइवर सुमन और स्कॉटर वीरेंद्र हजारीबाग जा रहे थे। उन जेवरों को हजारीबाग के विभिन्न जेवर दुकानों में डिलीवरी देने की बात बताई जा रही है। मांडू थाने के पास बनाए गए चेकनाके पर ड्यूटी में तैनात मजिस्ट्रेट दीपक कुमार और एएसआई निशिकांत शर्मा ने उस वाहन को जांच के दौरान पकड़ा। जब तलाशी ली तो सात पेटियों में भारी मात्रा में आभूषण मिले। इसकी जानकारी तत्कल वरीय अधिकारियों को दी गई। बाद में यह मामला आयकर विभाग को सौंप दिया गया। फिलहाल आयकर विभाग की अधिकारियों ने इस मामले में कुछ भी बताने से इनकार कर दिया है।

# बीजेपी ने झूठ फैलाने का ठेका ले लिया है: कल्पना सोरेन



**गिरिडीह।** गांडेय से विधानसभा उपचुनाव की झामुमो प्रत्याशी कल्पना सोरेन ने कहा है कि 31 जनवरी (जब हेमंत सोरेन को इडी ने गिरफ्तार किया था) के बाद स्थिति काफी बदल गयी। उसके बाद हमारी पार्टी के कार्यकर्ता और नेता तनाव में थे कि आगे क्या होगा? कार्यकर्ताओं ने मुझसे आगे आने का आग्रह किया। अपने नेता के प्रति उनका प्यार देख कर मैंने सोचा कि जब तक हेमंत जी वापस नहीं आ जाते, तब तक इस कमी को पूरा करना मेरी नैतिक जिम्मेदारी है और मैं राजनीति में आयी। कल्पना ने गिरिडीह में मीडिया से बात करते हुए ये बातें कहीं। कल्पना ने कहा : मैं हेमंत सोरेन से जेल में सप्ताह में एक बार मिलती हूं, लेकिन वह एक मुलाकात मनोबल बढाने और ताकत देने के लिए पर्याप्त है। यह चुनाव एक लडाई है। एक प्रतियोगिता है, जिसमें हमें झारखंड को विकास की राह पर आगे ले जाना है। भाजपा कल्पना सोरेन पर सरकार चलाने का आरोप लगा रही है। इस पर उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि बीजेपी ने झूठ फैलाने का ठेका ले लिया है। ये जुमलेबाज सरकार सिर्फ झूठ बोलना जानती है। जब वे 2014 में चुनाव जीते, तो उन्होंने इतने बडे-बडे वादे किये, लेकिन वे सब भूल गये और झारखंड के बारे में सोचने की जहमत नहीं उठायी।

संवैधानिक संस्थाएं भाजपा शासित राज्यों में क्यों नहीं :

कल्पना सोरेन ने कहा कि मैं कहूंगी कि जिस तरह से सभी संवैधानिक संस्थाएं आज चल रही हैं, वे केवल उन राज्यों में ही क्यों काम करती हैं, जो भाजपा शासित नहीं हैं? अगर वे बीजेपी शासित राज्यों में कोई कार्रवाई करते हैं, तो उसे जल्द ही रोक दिया जाता है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन के मामले में कोई सबूत नहीं है, कोई तथ्य नहीं है, यह पूरी तरह से साजिश का हिस्सा है।

# नागमणि की पत्नी सुचित्रा सिन्हा ने किया नामांकन पत्र दाखिल



**चतरा।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं चतरा लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद नागमणि को चतरा पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। नागमणि की गिरफ्तारी 10 वर्ष पूर्व आचार संहिता के एक मामले में की गयी है। इस मामले मे व्यवहार न्यायालय द्वारा नागमणि को फरार घोषित किया गया है। जानकारी के अनुसार नागमणि बसपा की टिकट पर चुनाव लडने के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल करने चतरा समाहरणालय स्थित जिला निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय कक्ष पहुंचे थे। उसी दौरान चतरा पुलिस ने चतरा व्यवहार न्यायालय द्वारा जारी लाल वारंट के आधार पर चुनाव की नामांकन प्रक्रिया पूरी करने के बाद उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। ज्ञात हो कि गिरफ्तारी के एक दिन पूर्व भी नागमणि के प्रस्तावक एवं समर्थक ने जिला निर्वाची पदाधिकारी सह उपायुक्त रमेश घोलप के समक्ष निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नागमणि का नामांकन पत्र दाखिल किया था। पांचवें चरण के चुनाव के लिए नामांकन के अंतिम दिन नागमणि बसपा उम्मीदवार के रूप में अपना नामांकन पत्र दाखिल करने जिला निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय कक्ष में उपस्थित हुए थे। नागमणि के पुलिस हिरासत में लिये जाने के बाद नागमणि की पत्नी सुचित्रा सिन्हा ने अपना अलग नामांकन पत्र दाखिल किया।

पुलिस सिरसत में नामांकन कर न्यायिक हिरासत में जा रहे नागमणि ने मीडिया से बात करते हुए भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह एवं कांग्रेस प्रत्याशी केएन त्रिपाठी पर निशाना साधते हुए कहा कि ब्राह्मणवाद और भूमिहारवाद की सामंती सोच के द्वारा एक षडयंत्र के तहत मुझे न्यायिक हिरासत में भेजने का काम किया है, जिसमें पुलिस की संलिप्तता जगजाहिर है । उन्होंने कहा कि मैं पिछले दिनों कई बार चतरा का दौरा कर चुका हूं, लेकिन इस मुकदमे के बारे में पुलिस द्वारा कभी कोई सूचना नहीं दी गयी और ना ही न्यायालय द्वारा कोई नोटिस मिला । इसके कारण मुझे इस मामले की कोई जानकारी पूर्व से नहीं थी। नागमणि ने कहा कि मेरे शहीद पिता जगदेव प्रसाद ने नारा दिया था 10 का शासन 90 पर, नहीं चलेगा-नहीं चलेगा। सौ में 90 शोषित हैं 90 भाग हमारा है। उन्होंने कहा कि सामंती प्रवृत्ति के लोग शोषित दलित को दबाना चाहते हैं।

## इस बार 14 की 14 सीटें देने का संकल्प लें: बाबूलाल



**चाइबासा।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि कांग्रेस और झामुमो वाले लोगों से कहते फिरते हैं कि इडी ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को गलत तरीके से गिरफ्तार किया है। लेकिन हाइकोर्ट ने यह साबित कर दिया कि गिरफ्तारी गलत तरीके से नहीं हुई है। मरांडी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत करते हुए आम लोगों से अपील की कि इस बार लोकसभा चुनाव में झारखंड की 14 की 14 सीटें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की झोली में देने का संकल्प लें।

## खुद का अस्तित्व बचाने के लिए गठबंधन: सुदेश



चाइबासा। आजसू प्रमुख सुदेश महतो ने कहा कि यूपीए गठबंधन देश को बदलने के लिए नहीं, खुद का अस्तित्व बचाने के लिए बना है। नया नाम इंडी गठबंधन का दिया है। उन्होंने कहा कि देश का नेता चुनना है। प्रधानमंत्री चुनने का अवसर है। इसके लिए चुनाव हो रहा है। हमने अपना प्रधानमंत्री चुन लिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जो पिछले 10 वर्ष से देश की सेवा कर रहे हैं। और अगले पांच साल भी देश के विकास के लिए हम लोग उन्हें चुनेंगे। लेकिन इंडी गठबंधन वालों ने अपना नेता चुना ही नही है, जिसका दूल्हा नहीं वे लोग बारात निकाल रहे हैं।

# राधा गोविंद स्कूल में व्यायाम के दौरान पांचवी कक्षा के छात्र की मौत




**रामगढ।** रामगढ़ शहर के राधा गोविंद स्कूल में शुक्रवार की सुबह व्यायाम के दौरान एक छात्र की मौत हो गई। सूचना के बाद पूरे शहर में सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी मिलते ही रामगढ़ पुलिस राधा गोविंद विद्यालय पहुंची है और पूरे मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार मृतक छात्र आर्यन कुमार पांचवी कक्षा में पढ़ता था। वह बच्चा विद्यालय के हॉस्टल में रहकर ही अपनी पढ़ाई पूरी कर रहा था। इस हादसे की जानकारी मृतक के परिजनों को दे दी गई है।

भीषण गर्मी में स्कूल बंद होने पर भी कैसे चल रहा था विद्यालय

ऐसा अंदेशा लगाया जा रहा है कि भीषण गर्मी की वजह से उस छात्र की तबीयत बिगड़ी और अंततः उसकी जान चली गई। गर्मी की वजह से राज्य सरकार ने कक्षा आठ तक के सभी बच्चों की छुट्टी कर दी है। उसके बावजूद विद्यालय का संचालन कैसे किया जा रहा था। इस मामले पर शिक्षा विभाग और जिला प्रशासन की ओर से भी जांच शुरू हो गई है। समाचार लिखे जाने तक मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है।

स्वामी मुद्रक व प्रकाशक अन्नपूर्णा गुप्ता द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस प्लांट नं 0535 एवं 1272 लालगूटवा रातू रोड़ पुलिस स्टेशन रांची में विजय जनरल स्टोर हिनू चौंक रांची 834002 से प्रकाशित
प्रधान संपादक अन्नपूर्णा गुप्ता कार्य नं ,651-2253830 ,9471717919, 9123244605 | RNI,NO JHAHIN/2013/66670
E-mail id alagpahchan@gmail.com | web -www.alagpahchan.com

# झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ताओं के द्वारा जोरशोर से की जा रही नॉमिनेशन की तैयारी

## गांव गांव जाकर लोगों को किया जागरूक



**बोरियो:** राजमहल लोकसभा के वर्तमान सांसद सह झामुमो प्रत्याशी विजय कुमार हांसदा के कार्यकर्ता द्वारा गांव गांव जाकर लोगों को जागरुक एवं संपर्क कर जनता का राय लेते हुए नॉमिनेशन करने की तैयारी को लेकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। यहां आपको बता दें कि आगामी 10 मई को विजय कुमार हांसदा झारखंड मुक्ति मोर्चा से तीसरी बार राजमहल लोकसभा चुनाव के लिए अपना नामांकन दाखिल करेंगे। उधर नामांकन दाखिल करने जाने वक्त उनके साथ लोगों को साथ में आने का निमंत्रण व ज्यादा से ज्यादा संख्या में जाने को लेकर आमंत्रण दिया जा रहा है। जहां झामुमो कार्यकर्ता उनके कार्यकाल में जो कार्य हुए हैं जनता को कितना संतुष्टि है उनको लेकर विभिन्न गांव में झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ता द्वारा दौरा किया जा रहा है एवं लोगों का राय लिया जा रहा है। इस दौरान झामुमो कार्यकर्ता बोरियो प्रखंड क्षेत्र के जेटके कुम्हार जोड़ी पंचायत के हर एक गांव में जाकर लोगों को जागरूक करने का काम रहे हैं एवं उनके कार्यकाल में कितना काम हुआ है सभी से जानकारी लेते हुए लोगों को जागरूक करते हुए फिर से एक बार पूर्ण बहुमत के साथ सांसद बनाने की अपील की। जहां राजमहल के निर्वतमान सांसद सह महागठबंधन के उम्मीदवार विजय कुमार हांसदा के समर्थन में बोरियो प्रखण्ड कमिटी के कार्यकर्ताओं द्वारा जेटके, शहरपुर, रंगमटिया समेत दर्जनों गांवों में सभा किया गया। वही बोरियो विधानसभा के सभी गांवों में सांसद विजय हांसदा को झामुमो का अपार समर्थन भी मिल रहा है। उधर लोगों ने ठान लिया है कि पूर्व की भाँति इस बार भी विजय कुमार हांसदा को भारी मत्तो से विजय बनाकर संसद भेजेंगे ताकि हम दबे कुचले गरीब आदिवासी मुलवासी का वो आवाज बन सके।

# भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी लाखों की लागत से बनी प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना




**कोटालपोखरः-** सरकार भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए भले ही बड़े बड़े वादे करते हो लेकिन धरातल पर सरकार के जिम्मेदार की मिलीभगत से सरकार को लाखों रुपए का चूना लग रहा है। जहां कनीय अभियंता और संवेदक के बीच मिलीभगत हो जाए तो वहां निर्माण कार्य का भगवान ही मालिक होता है जिसका जीता जागता उदाहरण लाखों की लागत से निर्माण की गई बरहरवा प्रखंड अंतर्गत पीडब्ल्यूडी पथ पाकुड़ बरहरवा मुख्य पथ से पथरिया तक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना इस बात को प्रमाणित कर रही है। यहां संवेदक पर सड़क निर्माण में गुणवत्ताहीन सामग्री से घटिया सड़क बनाए गए हैं। जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की कुल लंबाई 4.100 किलोमीटर है जो वर्ष 2023 में काम को पूर्ण किया गया था। उधर सड़क निर्माण से लोगों के मन में आस जगी थी कि इस सड़क के निर्माण होने से लोगों को आवागमन में कहीं कोई दिक्कत नहीं होगी लेकिन सड़क निर्माण के साल भर के अंदर यह सड़क जगह जगह से उखड़ने लगी है। वही सड़क के पीच का उखड़ना इस बात को साबित करता है कि प्राक्कलन को ताक पर रखकर निम्न स्तर के सामग्री का प्रयोग हुआ है। वही सरकारी नियमों के मुताबिक किसी भी सार्वजनिक सड़क निर्माण के बाद उसके रखरखाव की गारंटी 5 साल की होती है। जहां गारंटी पीरियड में संवेदक निर्माण की सलामती को लेकर जिम्मेदार होता है लेकिन सड़क निर्माण में इस नियम का ध्यान भी नहीं रखा गया है। ऐसी स्थिति में सड़क भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाने में विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों की भी इसमें सांठगांठ होने से इनकार नहीं किया जा सकता है।

## बांस काटने के दौरान 11000 वोल्ट का गिरा तार, बड़ी घटना टली

**बरहेट:** प्रखंड क्षेत्र के रक्सी गांव में बांस काटने के दौरान 11000 वोल्ट के बिजली के तार के संपर्क में आने से तार टूट कर नीचे गिर गया। हालांकि तार बांस के संपर्क में आने से तुरंत उसमें करंट दौड़ गया जिसके बाद बांस के पगडंडियों में आग लग गई जिससे बांस जहां तहां जलकर राख हो गया। इस दौरान बांस काट रहे युवक दौड़कर भाग निकले जिसके बाद विद्युत विभाग के कर्मियों को सूचना दी गई। उधर 11000 वोल्ट बिजली के तार गिरने की सूचना मिलने पर विद्युत विभाग के कर्मियों ने फूलभंगा फीडर से लाइन को काटकर तुरंत गिरे हुए बिजली के तार को दुरुस्त कर पुन क्षेत्र में बिजली बहाल की गई। हालांकि इस दौरान बड़ी घटना टल गई।

## असंतुलित होकर टोटो सड़क किनारे पलटा, तीन लोग घायल

**बरहेट:** थाना क्षेत्र के बरहेट लिट्टीपाड़ा मुख्य सड़क अंतर्गत गोपलाडीह स्थित मोड़ पर असंतुलित होकर एक टोटो सड़क किनारे पलट गया, जिससे तीन लोग घायल हो गए। मिली जानकारी के लखीराम मुर्मू 22 वर्ष जसीडीह, बाबूराम सोरेन 15 वर्ष जसीडीह, होपनडीह मूर्म 20 वर्ष लखीपुर का रहने वाला बताया जा रहा है। वही टोटो में बैठे अन्य लोगों को हल्की फुलकी चोट लगी है। प्राप्त जानकारी अनुसार टोटो तलवारिया से बरहेट बाजार हटिया आ रहा था, इसी दौरान टोटो असंतुलित होकर सड़क किनारे पलट गया। उधर स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरहेट लाया गया जहां डॉ. संतोष मुर्मू ने प्राथमिक उपचार किया।

## दनवार मोहल्ले में अग्निपीड़ित परिवार के लोगों के बीच कांग्रेस नेता ने किया सहायता



**बोरियो:-** थाना क्षेत्र के दनवार गांव में विगत दिन आग की चपेट में एक घर जल गया था। उधर जिस घर में आग लगी थी वह कच्चा मकान था साथ ही साथ वह परिवार बेहद गरीब है। जहां आगलगी की इस घटना में घर में रखी लगभग सभी जरूरी सामान जलकर खाक हो गई थी। जहां घटना की जानकारी मिलने के बाद झारखंड कांग्रेस प्रदेश महासचिव तनवीर आलम के दिशा निर्देश पर शुक्रवार के दिन बोरियो युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष असगर अफरीदी ने पीड़ित परिवार से मिलकर उन्हें मदद की है। इस दौरान अग्नि पीड़ित परिवार को जरूरी सामान मुहैया कराया गया है। साथ ही पीड़ित परिवार को आगे भी सहायता करने की बात कही है। इस मौके पर शमशाद, मुमताज, नोबो दत्ता, रिजाउल, जीतन तुरी संजय कुमार आदि मौजूद थे।

## आरपीएफ की टीम ने रेल संपति चोरी मामले के आरोपी को रिमांड पर लेकर करेगी पूछताछ



**साहिबगंज:** रेल आरपीएफ की टीम ने रेल संपति चोरी करने के मामले में पिछले कई दिनों से मंडल कारा जेल में बंद एक आरोपी को रिमांड हिरासत में लेकर उससे कड़ाई से पूछताछ करेगी। जहां शुक्रवार को रेल आरपीएफ टीम के एसआई दिनेश कुमार वंशीवाल में गई टीम ने कोर्ट के आदेश पर मंडल कारा जेल में बंद आरोपी मो. शोएब पिता स्व. मो. शहजाद अंजुमन नगर निवासी को हिरासत में लेकर उसे मेडिकल जांच करवाने के लिए सदर अस्पताल लेकर आई। जहां सदर अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. संजीव कुमार की उपस्थिति में मेडिकल जांच करवाने के बाद अपने साथ आरपीएफ पोस्ट लेकर चली गई। इसको लेकर रेल आरपीएफ इंस्पेक्टर क्रिस्टोफर किस्कू ने बताया कि बीते दिनों रेल संपत्ति चोरी करने के मामले में उक्त आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया था जहां इस चोरी के मामले में कई अन्य तथ्यों का खुलासा करने के लिए कोर्ट से उक्त आरोपी को रिमांड पर लेने का आग्रह किया था जिसके बाद कोर्ट ने उक्त आरोपी को रिमांड पर लेकर उससे पूछताछ करने का आदेश जारी किया था।

# महागठबंधन प्रत्याशी विजय कुमार हांसदा पहुंचे प्यारपुर, ग्रामीणों के बीच चलाया जनसंपर्क अभियान



**उधवा:** राजमहल लोकसभा क्षेत्र के वर्तमान सांसद सह महागठबंधन प्रत्याशी विजय कुमार हांसदा शुक्रवार को प्रखंड क्षेत्र के प्यारपुर गांव पहुंचे। जहां तय समय अनुसार प्यारपुर बाजार में सैंकड़ों कार्यकर्ताओं ने प्रखंड अध्यक्ष तमरुद्दीन शेख के नेतृत्व में वर्तमान महागठबंधन प्रत्याशी विजय कुमार हांसदा का भव्य स्वागत किया तथा जनसंपर्क अभियान चलाते हुए अपने तय समय अनुसार कार्यक्रम में प्यारपुर बाजार, बरकत मोड़ तथा बालू गांव में जनसभाओं को संबोधित किया। इस मौके पर वरीय झामुमो नेता प्रो. नजरूल इस्लाम, नगर अध्यक्ष सह झामुमो नेता केताबुद्दीन शेख, संजीव सामू हेंब्रम, प्रखंड अध्यक्ष तमरुद्दीन शेख, अली कमिशन, अनवारूल शेख समेत महागठबंधन के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## उपायुक्त ने जनता दरबार में सुनी आमजनों की समस्याऐं



**साहिबगंज:** समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय प्रकोष्ठ में शुक्रवार को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी हेमंत सती द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोगों से मुलाकात कर उनके समस्याओं से अवगत हुए। जहां उपायुक्त द्वारा उपस्थित सभी लोगों से एक एक कर उनकी समस्याएं सुनी एवं आश्वस्त किया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। उधर जनता दरबार में सभी शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को सुनने के बाद उपायुक्त ने संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी आवेदनों का भौतिक जांच करते हुए उसका समाधान जल्द से जल्द करें। साथ ही उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि इन शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक सप्ताह के अंदर अपना प्रतिपुष्टि उपायुक्त कार्यालय को समर्पित करें ताकि शिकायतों के निष्पादन में आसानी हो सके।

# वाहन टैगिंग से संबंधित बैठक का हुआ आयोजन



**साहिबगंज:** नोडल पदाधिकारी सह जिला परिवहन पदाधिकारी विष्णुदेव कच्छप के नेतृत्व में वाहन कोषांग कार्यालय कक्ष में बैठक आहुत की गई। जिसमें दुर्गम क्षेत्र के मतदान केंद्रों पर मतदान कर्मी को पहुंचाने हेतु वाहन का टैगिंग तथा मतदान केंद्रों में ई रिक्शा को टैग करने के लिए संबंधित बीएलओ से समन्वय बनाकर के स्थानीय स्तर पर टैग करने का निर्देश दिया गया एवं सभी दुर्गम क्षेत्रों पर मतदान केंद्र तक पहुंचने हेतु वैसे वाहनों को टैग करने का निर्देश दिया गया जहां बड़ी गाड़ियां नही पहुंच सकती है। साथ ही साथ दियारा क्षेत्रों में जो मतदान केंद्र है उन मतदान केंद्रो तक पहुंचने हेतु मोटर नाव को टैग करने का भी निर्देश दिया गया। इस बैठक में मोटरयान निरीक्षक विजय गौतम, जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधन नीरज कुमार साह, रोड इंजीनियर एनालिस्ट अनुज प्रसार, प्रधान लिपिक प्रेम प्रकाश वर्मा, अभिषेक कुमार एवं वाहन कोषांग के अन्य कर्मी मौजूद थे।

## जिले के विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोला गया ईवीएम वेयरहाउस



**साहिबगंज:** लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त हेमंत सती के नेतृत्व में तथा जिले के विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में समाहरणालय स्थित ईवीएम वेयरहाउस को शुक्रवार को खोला गया। जहां भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ईवीएम, वीवीपैट का रेंडमाइजेशन संपन्न हुआ था जिसके बाद राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को सभी विधानसभा की एक एक प्रति उपलब्ध कराई गई थी। इसी कड़ी में बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट एवं वीवीपैट की छंटनी के लिए ईवीएम वेयरहाउस को खोला गया। इस अवसर पर अपर समाहर्ता राज महेश्वरम, वन प्रमंडल पदाधिकारी मनीष कुमार तिवारी, सदर अनुमंडल पदाधिकारी अंगार नाथ स्वर्णकार, राजमहल अनुमंडल पदाधिकारी कपिल कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी सुनीता किस्कू एवं विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# लोकसभा निर्वाचन 2024 के जागरूकता अभियान का बनें हिस्सा

## 7 मई को अपराह्न 6 बजे से 8 बजे तक मैं भी इलेक्शन एंबेसडर सोशल मीडिया कैंपेन में अवश्य लें भाग



**साहिबगंज:** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त हेमंत सती ने कार्यालय प्रकोष्ठ में पदाधिकारियों के साथ बैठक कर मतदाता जागरूकता को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए जिसमें मतदाता जागरूकता कार्यक्रम की बढ़ोतरी एवं अलग अलग थीम पर मतदान के प्रति मतदाताओं को जागरूक कराया जाए। वही लोकसभा चुनाव 2024 को लोकतंत्र के महापर्व के रूप में मना रहे हैं इसे लेकर विभिन्न स्तर पर जागरूकता अभियान भी चल रहा है।

वही निर्वाचन में हर किसी को बराबर का अधिकार है, हम सभी को इसमें अपना योगदान देने के साथ अपने आसपास इसके प्रति लोगों को प्रेरित भी करना है।

जहां लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदाताओं की भागीदारी बढाने के उद्देश्य से 7 मई को अपराह्न 6 बजे से 8 बजे तक मैं भी इलेक्शन एंबेसडर सोशल मीडिया कैंपेन में जिले के सभी स्कूल, कॉलेज के बच्चे, इंफ्लुएंसर, सेलेब्रिटी समेत सभी लोग अवश्य भाग लें। वही इसको लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि मतदाताओं को निर्वाचन के महत्व को बताते हुए उन्हें मतदान में अपनी भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित करना हमारी पहली प्राथमिकता है। इसके साथ साथ मतदाताओं को नैतिक मतदान के लिए भी जागरूक करना एक महत्वपूर्ण कार्य है। इस बीच हर नागरिक मतदान के प्रति मतदाताओं को जागरूक करने और निर्वाचन के महापर्व को उत्साहपूर्ण ढंग से मनाने के लिए अपने कार्यों के डिजिटल कंटेंट को सोशल मीडिया पर अवश्य अपलोड करें। इस मौके पर उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा, वन प्रमंडल पदाधिकारी मनीष कुमार तिवारी, सदर अनुमंडल पदाधिकारी अंगार नाथ स्वर्णकार, राजमहल अनुमंडल पदाधिकारी कपिल कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी सुनीता किस्कू, जिला शिक्षा पदाधिकारी कुमार हर्ष, जिला खेल पदाधिकारी राजेश कुमार चौधरी, जेएसएलपीएस प्रबंधक मार्टिन तारीक, प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी मौजूद थे।

# शेष जीवन को विशेष बनाने के लिए कर्म में धर्म का सामंजस्य जरूरी ; प्रेम किशोर कोठारी

## ••राष्ट्रीय विप्र परिषद् द्वारा तिथि एवं वर्तोत्सव निर्णय पत्रिका का विमोचन

**संवाददाता नीतीश कौशिक**





**बागपत।** राष्ट्रीय विप्र विद्वत् परिषद् द्वारा तिथि एवं व्रतोत्सव निर्णय पत्रिका का विमोचन नगर के बाबा जानकीदास मंदिर में किया गया। इस अवसर पर आयोजित धर्म सभा में मुख्य अतिथि शामली के कैराना पीठाधीश्वर श्रीजय स्वरूप जी महाराज का आशीर्वचनों में जीवनशैली और कर्म क्षेत्र में भी धर्म का सामंजस्य बनाए रखने की प्रेरणा दी गई।

कैराना पीठाधीश्वर स्वामी स्वामी जय स्वरूप ने कहा कि, वेद ही धर्म और अधर्म की परिभाषा प्रदान करता है, इसलिए वेद के मार्ग का अनुसरण करना चाहिए । परिषद् के कार्यवाहक राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्योतिषाचार्य पं राजकुमार शास्त्री द्वारा आगंतुकों का पटका पहनाकर स्वागत किया गया।

इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष पं जय भगवान शर्मा ने कहा कि, ब्राह्मणों का आभूषण संध्या है ,इसलिए प्रत्येक ब्राह्मण को त्रिकाल संध्या करनी चाहिए। राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष आ उमेश कौशिक द्वारा संगठन के विस्तार पर चर्चा की गई और संगठन को और भी प्रभावी व उपयोगी बनाने की बात कही गई। राष्ट्रीय महामंत्री आचार्य प्रवीण पुलस्त्य ने कहा कि, कर्मकांड,ज्योतिष एवं वास्तु कर्म करने वाले विप्र देव, निस्वार्थभाव एवं परोपकार की भावना से यह कार्य करें और समाज में नवचेतना जागृत करें व समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने में अपना अहम योगदान प्रदान करें ,जिससे समाज जागृत हो और कुरीतियां स्वतः ही दूर हो जाएं।

इस अवसर पर शामली से पधारे राष्ट्रीय संगठन मंत्री पं प्रेम किशोर कोठारी द्वारा कहा गया कि , शेष जीवन शेष सबके लिए विशेष तभी होगा, जब इसमें धर्म कर्म अधिक से अधिक मात्रा में किया जाएगा। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आचार्य सतीश भारद्वाज द्वारा विप्र समाज के उत्थान के लिए आपसी सहयोग और संगठित रहने पर बल दिया गया।इस अवसर पर दिल्ली से पधारे आचार्य सुधीर शास्त्री गाजियाबाद से पं विपिन पांडे पंडित सोमदत्त शास्त्री गौरीशंकर शास्त्री खेकड़ा आचार्य यज्ञेश मिश्रा पं भृगुदत्त शास्त्री पं दयाराम शास्त्री पं उमाशंकर शास्त्री शिवम शर्मा रोहित शर्मा एड गगन गॉड पं बृजमोहन गौतम पं राजेश गौतम अमित गौतम दुर्गेश कौशिक पं कपिल आलम्बायन आदि उपस्थित रहे

# विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस पर प्रेस की आज़ादी को बताया महत्वपूर्ण व आवश्यक







**संवाददाता नीतीश कौशिक**

**बागपत।** विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राजनेताओं, समाजसेवियों व बुद्धिजीवियों सहित अनेक गणमान्यों ने शुभकामनाएं प्रेषित की हैं तथा प्रेस की आज़ादी को देश को रचनात्मक दिशा की प्रेरणा में महत्वपूर्ण बताया।

रालोद के राष्ट्रीय महासचिव व पूर्व विधायक राजेन्द्र शर्मा ने अपने संदेश में कहा कि, इतिहासकार, साहित्यकार और पत्रकार, तीनों ही लेखनी के धनी होते हैं, किंतु जहां इतिहासकार यथार्थ लेखन तक ही सीमित रहता है वहीं साहित्यकार यथार्थ में कल्पना और रस का मेलजोल कर निर्धारित लक्ष्य की ओर समाज को ले जाना चाहता है, जबकि पत्रकार की लेखनी में यथार्थ के साथ ही सकारात्मक उद्देश्य और निष्पक्ष प्रस्तुतिकरण समाज और देश को हर समय प्रेरित करने में बड़ी भूमिका निभाती है। निष्पक्ष, निर्भीक और तथ्यों को रचनात्मक दिशा देने वाली कलम, हमेशा सम्मान प्राप्त करती रहेगी।

सेवा निवृत्त प्रधानाचार्य नरेश कुमार शर्मा ने कहा कि, पत्रकारिता के मानदंड की शुरुआत हो लेखनी की निष्पक्षता और स्वतंत्रता से होती है, अलगाववाद को नेस्तनाबूद करने तथा वसुधैव कुटुंबकम् की भावना को विश्व भर में प्रभावी बनाना ही विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस की सफलता होगी।

अपने बधाई और शुभकामना संदेश में समाजसेवी अभिमन्यु गुप्ता, विधायक प्रो अजय कुमार, चौरासी चौधरी पं सुभाष, कांग्रेस नेता राकेश शर्मा, संयोग रावत आदि ने भी इसी तरह के भाव व्यक्त किये हैं।

# अनुराग मांगलिक को अब राष्ट्रीय प्रवक्ता के रूप में मिली पदोन्नति, किया स्वागत

**संवाददाता आशीष चंद्रमौलि**

**बड़ौत।** भारतीय वैश्य परिवार महासंघ की कोर कमेटी ने संगठन के संरक्षक सुरेन्द्र कुमार अग्रवाल व राष्ट्रीय महामंत्री अंकित गुप्ता की संस्तुति व सहमति पर राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राजीव गुप्ता पुट्ठी ने संगठन के प्रदेश महामंत्री अनुराग मांगलिक को पदोन्नत करते हुए राष्ट्रीय प्रवक्ता मनोनीत किया।इसके साथ ही राष्ट्रीय अध्यक्ष व राष्ट्रीय महामंत्री ने उनको पटका पहनाकर उनके पद की घोषणा की।

इस अवसर पर संगठन के कार्यकर्ताओं ने उनको फूल-माला पहनाकर सम्मानित किया और उनको बधाई व शुभकामनाएं दी। डॉ योगेश जिन्दल, जयभगवान गर्ग, राजीव जैन, राममोहन गुप्ता, चिराग गुप्ता, अर्पित जिन्दल, प्रथम अग्रवाल,सचिन गुप्ता, नितिन गुप्ता आदि ने कहा कि, संगठन की गतिविधियों तथा समाज की अपेक्षा के अनुरूप त्वरित टिप्पणी के लिए राष्ट्रीय प्रवक्ता के रूप में अनुराग मांगलिक की भूमिका महत्वपूर्ण होगी।




# जमीनी विवाद के चलते बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष के पुत्र पर बोला जानलेवा हमला, जिला अस्पताल में भर्ती

**संवाददाता शशि धामा**

**खेकडा।** कस्बे में शुक्रवार की सुबह तहसील बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष के पुत्र पर जानलेवा हमला बोल दिया गया। उपचार के लिए उसे जिला अस्पताल ले जाया गया। पुलिस को घटना की सूचना दे दी गई है।

खेकडा तहसील बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष सरदार सिंह यादव कस्बे के मोहल्ला अहिरान के रहने वाले हैं। मोहल्ले के ही एक परिवार के साथ उनका जमीनी विवाद बना हुआ है, इसी विवाद में शुक्रवार सुबह काठा रोड पर घूमने जा रहे सरदार सिंह यादव के पुत्र प्रतीक पर तीन युवकों ने जानलेवा हमला बोल दिया। हमले में काफी चोटें आने के साथ ही उसका सिर भी फट गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गंभीर हालत के चलते उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया।घटना के संबंध में कोतवाली प्रभारी राजबीर सिंह का कहना है कि, मुकदमा दर्ज कर लिया गया है तथा जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



# अज्ञात कारण से किसान की 7 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख, 2 किसानों के पुआल में लगी आग

**संवाददाता शशि धामा**



**खेकडा।** तहसील क्षेत्र के गांव नवादा के जंगल में एक गेहूं के खेत में अज्ञात कारणों से आग लग गई , जिससे किसान की 7 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गयी ,जबकि दो किसानों का 20 बीघा पुआल भी जलकर राख हो गया। किसानों ने पीड़ित परिवार को मुआवजा दिलाने की मांग की है।

भगोट निवासी बाबू पुत्र विकास ने बताया कि ,नवादा के जंगल में उसने गेहूं की फसल बो रखी है। जिसके काटने के लिए वह खेतों पर ही मौजूद थे। इस दौरान जब वह खेतों पर काम कर रहे थे, तभी अज्ञात कारणों से उसके खेत मे आग लग गयी ,जिसे बुझाने का प्रयास भी किया गया, लेकिन तब तक सात बीघा फसल जलकर राख हो गयी।

इसके अलावा पुरनपुर नवादा के किसान प्रेम शर्मा की 15 बीघा, भगौट के कंवर की 3 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गयी। पीड़ितों ने 112 नम्बर पर कॉल कर पुलिस को भी सूचना दी। किसानों ने पीड़ित परिवार को मुआवजा दिलाने की मांग की है।

# 11 वर्षीया बच्ची से दुष्कर्म के मामले में एक गिरफ्तार

**बागपत।** जनपद के रमाला थाना क्षेत्र के एक गाँव के रहने वाली कक्षा 2 की ग्यारह वर्षीया छात्रा के साथ दुष्कर्म के एक आरोपी को किया गिरफ्तार, जबकि दो अन्य की तलाश जारी है।



बताया गया है कि, स्कूल से आने के बाद नाबालिग लड़की बैग घर पर रखकर स्कूल ड्रेस में ही बाहर चली गई थी तथा तलाश किए जाने पर भी जब नहीं मिली,तो पिता ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए लडकी को सकुशल बरामद कर लिया। वहीं मासूम लड़की द्वारा बताया गया कि, तीन लडकों द्वारा उसके साथ गलत काम किया गया। क्षेत्राधिकारी द्वारा बताया गया कि, घटना के संबंध में एक युवक को गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# आयुः प्राणं प्रजां पशुं कीर्तिम् द्रविणं मह्यम् दत्वा की भावना के साथ किये यज्ञ से सद्कर्म में प्रवृत्ति : आ कपिल

**संवाददाता आशीष चंद्रमौलि**



**दोघट।** चौगामा क्षेत्र के गाँव भडल में पं देवेन्द्र आर्य के संयोजन में अंतर्राष्ट्रीय यज्ञ दिवस पर विशाल यज्ञ का आयोजन किया गया। यज्ञाचार्य कपिल शास्त्री द्वारा यज्ञ से होने वाले लाभों को बताया गया ।

अंतर्राष्ट्रीय यज्ञ दिवस पर आयोजित यज्ञ व प्रवचन के दौरान बताया गया कि,जो मनुष्य अग्निहोत्र यज्ञ करते हैं वे सब दोषों से दूर हो जाते हैं, क्योंकि यज्ञ की समिधा, सामग्री व सिद्धमंत्रों की गौरवशाली उपलब्धियों का इतिहास रहा है। यदि कहें कि ,जब से सृष्टि का निर्माण हुआ है, तब से यज्ञ का प्रचलन है, क्योंकि चारों वेदों में यज्ञ की महिमा व यज्ञ करने का आदेश दिया गया है । बताया कि, यज्ञ के विषय मे वेदभगवान कहते है -क्रतुर्भव, अर्थात् यज्ञ करने वाला बन।

इस मौके पर बताया गया कि, जहां पर अनेक प्रकार की औषधियों द्वारा यज्ञ किया जाता है ,वहां का पर्यावरण हमेशा शुद्ध व पवित्र बना रहता है ।कार्यक्रम के दौरान भजनोपदेशक गोपाल ने सुंदर भजन सुनाये। समारोह में योगेंद्र आर्य ,गुरमीत आर्य,चंद्रकांत आर्य, नीरज ,मोहित कुमार,ऋचा आर्या, सगुन ,अथर्व आर्य,ज्योति आर्या,कोमल आदि उपस्थित रहे।

# खतौनियों में विसंगतियों को दूर करने की मांग को लेकर वकीलों और दस्तावेज लेखकों का धरना जारी

**संवाददाता आशीष चंद्रमौलि**



**बड़ौत।** तहसील परिसर में शुक्रवार को अधिवक्ताओं ने जुलूस निकाला तथा धरना प्रदर्शन करते हुए खसरा खतौनी की विसंगतियों को दूर करने की मांग की।

इस दौरान अधिवक्ता एवं दस्तावेज लेखक अपने चैंबरों से निकलकर इकट्ठा हुए तथा तहसील परिसर में पहुंचे । उन्होंने बताया कि, पिछले कई माह से खतौनी में विसंगतियां चल रही हैं, जिसके कारण रजिस्ट्री सहित अन्य वाद के मामलों में समस्या पैदा हो रही है । इसी के साथ ही उन्होंने एसडीएम कोर्ट के बाहर धरना प्रदर्शन किया तथा अधिवक्ताओं ने खतौनी में हो रही कमियों को दूर करने की मांग की। अधिवक्ताओं का कहना है कि ,जब तक समस्या का समाधान नहीं होगा तब तक धरना प्रदर्शन होता रहेगा।पूर्व बार अध्यक्ष धर्मवीर सिंह एड के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन किया गया ।

इस अवसर पर धरना स्थल पर संबोधित करते हुए पूर्व अध्यक्ष एड धर्मवीर सिंह तोमर ने कहा कि, इस मामले में प्रशासनिक अधिकारी व कर्मचारियों की लापरवाही उजागर हो रही है । धरने पर संजीव कुमार अमरपाल दिनेश कुमार वीरेंद्र शर्मा वीरेश मदनलाल तेजल ओमपाल सिंह योगेंद्र सिंह प्रवीण सुरेंद्र सिंह कुलदीप चौधरी वीरेंद्र चौहान पूर्व अध्यक्ष धर्मवीर सिंह तोमर एडवोकेट कुलदीप तोमर के अलावा दस्तावेज लेखक भी मौजूद रहे।

## मीतली के सर्वहितकारी कालेज के स्थापना दिवस पर 5 मई को यज्ञ व प्रबंध समिति की आमसभा

**संवाददाता नीतीश कौशिक**

**बागपत।** मीतली गौरीपुर की प्रमुख शिक्षण संस्था सर्वहितकारी इंटर कॉलेज के स्थापना दिवस 5 मई को होगा यज्ञ तथा विद्यालय के विकास की आगामी योजनाओं पर परिचर्चा।

कालेज प्रबंध समिति के मंत्री राधे श्याम शर्मा ने बताया कि, महान् शिक्षा विद स्वामी डाल चंद शर्मा ने दो दर्जन से अधिक शिक्षण संस्थाओं की स्थापना कर पश्चिमी उत्तर प्रदेश में ज्ञान की ज्योति जलाई थी। संस्था के स्थापना दिवस के अवसर पर जहां यज्ञ के द्वारा उस महान आत्मा के पुनीत कार्यों को याद किया जाएगा वहीं विद्यालय के विकास की योजनाओं पर परिचर्चा के लिए आमसभा के सदस्यों को आमंत्रित किया गया है।

# दिनदहाड़े सड़क चैन लूट की घटना का 23 दिन बाद भी खुलासा नहीं, व्यापारियों में रोष

**संवाददाता आशीष चंद्रमौलि**

**बड़ौत।** विगत 10 अप्रैल को दिनदहाड़े नगर की नई मंडी में बाइक सवार बदमाशों द्वारा महिला से चैन लूट की घटना का खुलासा न होने पर व्यापारियों में रोष।शीघ्र खुलासे की मांग के साथ ही बताया कि, घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद होने के बावजूद , खुलासे में देरी से भय और चिंता का माहौल है।

बता दें कि,एक पेट्रोल पंप मालिक की पत्नी से सोने की चेन लूट की घटना के 23 दिन बाद भी पुलिस आरोपियों को नहीं पकड़ पाई है। 10 अप्रैल को नगर निवासी पेट्रोल पंप मालिक सुनील जैन की पत्नी सरिता जैन से नई मंडी में बाइक सवार दो बदमाशों ने गले से चेन झपटने के फौरन बाद आरोपी वहां से फरार हो गए थे। इस चेन लूट की घटना का वहां पर लगे सीसीटीवी कैमरे में फुटेज देखी गई थी, लेकिन इतने दिन बीत जाने के बाद भी, न तो पुलिस आरोपियों को पकड़ पाई है और न ही कोई ठोस कार्रवाई ही कर सकी है।

व्यापारियों ने आंशका जताई कि, उक्त बदमाश खुलेआम नगर में आपराधिक घटनाएं करने की फिराक में घूम रहे हैं, लेकिन पुलिस उन्हें नहीं पकड़ पा रही है। दूसरी ओर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर संजय कुमार शर्मा ने बताया कि, आरोपियों की तलाश की जा रही है, जल्द ही उन्हें पकड लिया जाएगा।